तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 4 मई 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



13 शांति नगर में 1 रुपए के किराए में मिलेगा हेलमेट





13 मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है: बिरेन्द्र









## खबर संक्षेप

### नशे की दवा के साथ दो गिरफ्तार



**भिलाई।** नशे का टेबलेट तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर ने सूचना दिया कि मंगल पान ठेला बैकुण्ठ धाम के पास कैम्प 2 भिलाई में अपने पास नशीली टेबलेट की गोली रखकर युवक ग्राहक तलाश कर रहे थे। घेरा बंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया है। पूछताछ करने पर युवकों ने सड़क 18 कैंप 1 निवासी रवि सिंह और नेहरु चौक कैं 1 मौसीन खान उर्फ राजा अपना नाम बताया है। युवकों के पास से 600 नग अल्फोजोलम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 8500 रूपये आंकी गई है। इसके अलावा 720 नग प्रोक्सिएम एसपा टेबलेट 9 रूपये आंकी गई। कुल सामनों की कीमत 17 हजार 500 रूपये है।

### धारदार हथियार से लोगों को धमकाने वाले पकड़ाए



**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ लोगों को धमकाने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि बैकुण्ठ धाम मैदान कैम्प 2 निवासी ललित पाण्डेय नामक युवक हाथ में लोहे का चाकू लेकर लहराते हुए लोगों का डरा धमका रहा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर युवकों को पकड़ा गया। युवकों में ललित पांडे और आकाश पांडे है। युवकों के पास से धारदार चाकू जब्त किया। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है।

### फरार युवक पुलिस के गिरफ्त में

**भिलाई।** घर को डीजल डालकर आग लगाने का प्रयास कर चाकू लहराने वाले फरार युवक को पुलिस ने पकड़ा है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 328 (जी), 62, 190(3), बीएनएस, 25, 27, आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना में अब तक 2 आरोपी समेत 8 अपचारी बालकों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## शिक्षा विभाग की कारगुजारी : यू डाईस कोड की दर्ज संख्या और प्रवेशित बच्चों में भारी अंतर

### दाखिले में बड़ा घोटाला

# आईटीई में आरक्षित सीटों से ज्यादा प्रवेश, स्कूलों में 6 करोड़ रु. का खेला

*देवीलाल साहू:भिलाई। गरीब बच्चों को आरटीई में दाखिले के नाम पर बड़े घोटाले हो रहे हैं। स्कूलों ने अपने यू डाईस कोड के दर्ज संख्या का 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों की तुलना में ज्यादा बच्चों को दाखिला देकर शासन के पैसे ले लिए गए। दुर्ग जिले में 426 स्कूलों द्वारा वर्ष 2023-24 में करीब 6 करोड़ रुपए का खेला कर लिया गया। मामले की शिकायत के बाद जिले के 26 स्कूल जांच के दायरे में है जहां 69.95 लाख रुपए का प्रतिपूर्ति राशि में गड़बड़ी बताई गई है। हालात को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने जांच बिठा दी है।*

**इस तरह स्कूलों में प्रतिपूर्ति राशि का खेला**

**केस 1**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100615303 स्कूल ने 51बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि का अतिरिक्त भुगतान लिया है। प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक अतिरिक्त 6 बच्चों की राशि 7 हजार रुपए के हिसाब से 42 हजार रुपए भुगतान लिए गए। अपर प्राइमरी में कक्षा छठवी से आठवीं तक 45 अतिरिक्त बच्चों का 11400 रुपए के हिसाब से 5. 13 लाख रुपए अतिरिक्त भुगतान लिया। इस तरह कुल 5. 55 लाख रुपए शासन को चूना लगाया।

**केस 2**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100615305 ने प्राइमरी स्कूल के 26 और मिडिल स्कूल के 30 बच्चों का अतिरिक्त भुगतान 5.24 लाख रुपए प्राप्त किया। कक्षा पहले से पाचवीं तक के 26 बच्चों का प्रति बच्चे 7 हजार के हिसाब से 1.82 लाख रुपए और छठवी से लेकर आठवी तक के 30 बच्चों का प्रति बच्चे 11400 के हिसाब से 3.42 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान हुआ।

**केस 3**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100600104 वाले विद्यालय ने कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक 26 बच्चों की प्रतिपूर्ति राशि का अतिरिक्त भुगतान लिया। 26 बच्चों का प्रति बच्चे 7 हजार के हिसाब से 1 लाख 82 हजार रुपए का भुगतान लिया है। एसजीएम पब्लिक स्कूल बोरी में कक्षा पांचवी से लेकर छठवीं तक 38 बच्चों का अतिरिक्त भुगतान लिया। प्रति बच्चे 7 हजार के हिसाब से 2 लाख 66 हजार रुपए और अपर प्राइमरी में कक्षा छठवी से लेकर आठवीं तक 3 अतिरिक्त बच्चों का 11400 रुपए के हिसाब से 34 हजार 200 रुपए कुल रकम 3 लाख 200 रुपए का भुगतान लिया।

**केस 4**

यूडाईस कोड क्रमांक 22100608120 वाले स्कूल ने 54 बच्चों का 4 लाख 52 हजार 800 रुपए का अतिरिक्त भुगतान लिया। पहली कक्षा से पांचवी तक 37 बच्चों का प्रति बच्चे 7 हजार के हिसाब से 2 लाख 59 हजार रुपए और छठवीं से लेकर आठवी तक के 17 बच्चों का 11400 के हिसाब से 1 लाख 93 हजार 800 रुपए का अतिरिक्त भुगतान दिया गया।

**केस 5**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100615304 वाले स्कूल ने कुल 71 बच्चों का 4 लाख 97 हजार रुपए का अतिरिक्त भुगतान प्राप्त किया। यहां कक्षा पहली से छठवी तक इन बच्चों को प्रवेश दिया गया था। यू डाईस कोड क्रमांक 22101100327 ने प्राइमरी की कक्षाओं में 19 बच्चों का अतिरिक्त भुगतान 1 लाख 33 हजार रुपए भुगतान प्राप्त किया। यू डाईस कोड 22100600106 में प्राइमरी कक्षाओं के 38 व अपर प्राइमरी के 3 बच्चों का कुल 41 बच्चों का 3 लाख रुपए अतिरिक्त भुगतान।

**केस 6**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100617705 स्कूल ने प्राइमरी कक्षाओं के 49 बच्चों का 3 लाख 43 हजार रुपए का अतिरिक्त भुगतान लिया। यू डाईस कोड क्रमांक 22100610326 स्कूल ने कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक के 17 बच्चों का प्रति बच्चे 7 हजार के हिसाब से 1.19 लाख रुपए भुगतान लिया।

**केस 7**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100604505 स्कूल ने प्राइमरी कक्षाओं के 58 बच्चों का 4 लाख 6 हजार रुपए अतिरिक्त भुगतान लिया। यू डाईस कोड क्रमांक 22100612804 स्कूल को कक्षा पहली से लेकर पाचवीं तक के 41 बच्चों का 2.87 लाख रुपए अतिरिक्त भुगतान किया गया। यू डाईस कोड क्रमांक 22100610322 स्कूल को प्राइमरी कक्षाओं के 20 बच्चों का और अपर प्राइमरी कक्षाओं के 8 बच्चों का कुल 2.31 लाख रुपए का भुगतान हुआ।

**केस 8**

यू डाईस कोड क्रमांक 22100615303 स्कूल में प्राइमरी कक्षाओं में 6 और मिडिल स्कूल कक्षाओं में 45 बच्चों का अतिरिक्त प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया। यहां कुल 51 बच्चों का अतिरिक्त प्रतिपूर्ति राशि 5.55 लाख रुपए का भुगतान हुआ है। यू डाईस कोड क्रमांक 22100610301 स्कूल में प्राइमरी के 12 और मिडिल के 6 अतिरिक्त बच्चों का कुल 1.52 लाख रुपए दिए गए। यू डाईस कोड 22100600104 में प्राइमरी के 26 बच्चों का 1.82 लाख रुपए अतिरिक्त भुगतान लिए।

**जांच करवा रहे हैं**

आरटीई में स्कूलों द्वारा यूडाईस कोड की दर्ज संख्या के 25 प्रतिशत से अधिक बच्चों को प्रवेश देकर प्रतिपूर्ति राशि का अतिरिक्त भुगतान लेने की शिकायत प्राप्त हुई। इन स्कूलों की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**-आशुतोष चावरे,** उप संचालक, डीपीआई

**जानिए प्रतिपूर्ति राशि क्या है**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार के तहत दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की जाती है। इन सीटों पर दाखिले के बाद प्रदेश सरकार निजी स्कूलों को प्राइमरी की कक्षाओं में प्रति बच्चे के हिसाब अधिकतम शुल्क 7 हजार रुपए व अपर प्राइमरी में 11400 रुपए भुगतान करता है।

**निर्धारित संख्या से ज्यादा बच्चे होने पर यह नियम:** विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए सीटों की तुलना में कक्षा की दर्ज संख्या कम पाई जाती है तो उन परिस्थितियों में विद्यालय को केवल वास्तविक नामांकन यानी दर्ज संख्या के आधार पर छात्रों की प्रतिपूर्ति की पात्रता होगी। ज्यादा बच्चे प्रवेश देने की स्थिति में स्कूल द्वारा बच्चों को अनिवार्य शिक्षा निःशुल्क देना है।

## ट्रक की ठोकर से सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- छावनी थाना क्षेत्र की है घटना
- फ्लाई ओवर ब्रिज के पास हादसा
- शनिवार की रात को हुआ

फ्लाईओवर ब्रिज में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक चालक की लापरवाही के चलते एक्टिवा सवार बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि एकता नगर भिलाई तीन निवासी अय्युब खान 64 वर्ष अपनी एक्टिवा में सवार होकर फ्लाई ओवर ब्रिज होते हुए कोहका की ओर जा रहे थे। इस दौरान पावर हाउस स्थित बिहार होटल के सामने ब्रिज के ऊपर में ट्रक सीजी 04 एनएच 4417 के चालक ने चपेट में लिया। हादसे में अय्युब खान की मौके पर मौत हो गई। उनके साथ सवार जिया खान को भी चोट आई है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को मरचूरी भेज दिया। वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। बताया जा रहा है कि अय्युब खान अजमेर शरीफ से लौटे थे और अपने नातिन को छोड़ने एक्टिवा से बेटे के घर जा रहे थे। घटना की जानकारी लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फ्लाईओवर ब्रिज में इस तरह के हादसे से ट्रक चालको पर अंकुश अनिवार्य है। फिलहाल ब्रिज के ऊपर बेखौफ तरीके से भारी वाहन, हाइवा, ट्रक चलते है। इन पर अंकुश नहीं लग पाया है।

### गल्ले से 42 हजार पार

**भिलाई।** टायर दुकान के गल्ले से रुपए पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मो. सज्जाद की सांई फर्नीचर के बाजू, नंदनी रोड जामुल में सिंकदर टायर का दुकान है। दुकान के गल्ले से अज्ञात ने 42 हजार 700 रूपये लेकर फरार हो गया। पीड़ित आसपास खोजबीन करने के बाद सूचना पुलिस को दिया है।

## पति और सास ने मिलकर की मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तालाक देने की बात को लेकर पति और सास ने मिलकर बहू के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है।

शिकायत पर पुलिस ने पति व सास के खिलाफ पुलिस ने धारा 296,115(2),351(2),3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मकान 185 दुर्गा मंदिर निवासी प्रीति लहरे ने शिकायत किया था कि इडावती नगर कोहका निवासी विवेक लहरे से सामाजिक रितिरिवाज के साथ 2011 में विवाह हुआ था। जिससे एक 4 साल का बेटा भी है। शादी के साल भर बाद से घर में छोटी छोटी बातों और घर का खर्च को लेकर पति विवेक लहरे शराब पीकर मारपीट किया करता है। सास सुगम लहरे भी महिला पीति लहरे के साथ मारपीट करती है। 2 मई को पति विवेक ने तलाक देने की बात कहते हुए। गाली गलौज कर कर सास सुगम लहरे के साथ मिलकर जान से मारने की धमकी देकर लात से मारपीट करने लगे। मारपीट करने पर पीड़िता के दाहिने कथा, पसली, कान, सिर समेत शरीर में कई जगह चोट आया है।

## उफरा में रेत का अवैध खनन, आंदोलन की चेतावनी



**पाटन।** उफरा में रेत के अवैध उत्खनन का मामला सामने आया है। अवैध रास्ता बनाकर बेधड़कर खनन और परिवहन किया जा रहा है। चेन माउंटेन और जेसीबी की मदद ली जा रही है। ग्रामीणों द्वार लगातार मामले की शिकायत की जा रही है, लेकिन कार्रवाई अब तक नहीं की गई है। रात के समय उत्खनन का यह खेल चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद भी कोई जांच तक नहीं हो रही है। इस वजह से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने 7 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन की चेतावनी दी है।


**कार्यालय स्थानांतरण सूचना**

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय का स्थानांतरण भिलाई कार्यालय में हो चुका है, अब दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं भिलाई कार्यालय से संचालित हो रहा है। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

फोन नं. 0788-4091720
98261-22213, 94250-24026
Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301



## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

**प्रति,**
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________________
पिता/पति________________________ जन्म तिथि________________
वर्ग अनुज जाति______________अनु जाति______________ अन्य पि. वर्ग______________
सामान्य______________पत्र व्यवहार का पता________________________
________________________ पिन कोड______________
मो. नं.________________________बाट्सअप नं________________________
पालक का मो. न________________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक______________ कुल प्रतिशत______________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.______________
हस्ताक्षकर________________________ पालक का हस्ताक्षर________________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


## रेलवे ने चालकों को दी बेहतर सुविधा

# लोको पायलट की सुविधा के लिए इंजनों में लगे 63 से ज्यादा वॉटरलेस यूरिनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने लोको पायलट के सुविधा के लिए इंजनों में 63 वॉटरलेस यूरिनल लगाया है। वर्तमान में रेलवे के 508 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव इंजनों के केब में एसी की सुविधा उपलब्ध है। इन एसी की कार्यशीलता की नियमित रूप से जाँच की जाती है। इनकी स्थिति की भी समय-समय पर निरीक्षण के दौरान जाँच की जाती है। जिससे लोको पायलटों को स्वच्छता की बेहतरबनी रहे। लोको पायलटों को ड्राइविंग के दौरान अधिक सुविधा देने 128 इंजनों में विशेष आरामदायक सीटें भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा 483 इंजनों में आवश्यक औजारों से सुसज्जित टूल बॉक्स लगाए गए हैं। जिससे चालक दल को भारी बैग लेकर चलने की आवश्यकता नहीं रहती। रेल परिचालन के दौरान संचार को सशक्त बनाने के उद्देश्य से 2089 नए डिजिटल वॉकी-टॉकी सेट उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही सभी रनिंग रूम एवं लॉबी को एयर कंडीशनिंग की सुविधा से लैस किया गया है। चालक दल को विश्राम के समय बेहतर सुविधा मिल सके। रनिंग रूम, लॉबी के समग्र सुधार के लिए 150 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर हैं।

### पायलट दल के लिए ये भी सुविधा

दो बिस्तर वाले विश्राम कक्ष ताकि एक पायलेट दल दूसरे को बिना बाधित किए आराम कर सके। मेडिटेशन रूम, जिससे मानसिक शांति और ध्यान की सुविधा मिलेगा। वॉशिंग मशीन और कपड़े प्रेस की सुविधा। वाटर प्यूरीफायर द्वारा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता।शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के लिए अलग रसोईघर।
-अलग-अलग बर्तन का भी उपयोग कर पाएगें।

## खबर संक्षेप

### एक बदमाश जिला बदर

दुर्ग। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त शेख अब्बास को एक वर्ष की अवधि तक जिले की सीमावर्ती जिलों की सीमाओं से बाहर रहने आदेशित किया है। जिला दण्डाधिकारी अभिजीत सिंह ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर बदमाशों के अपराधिक आचरण एवं प्रवृत्ति पर नियंत्रण किए जाने तथा आम जनता में अमन-चैन और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनहित में शेख अब्बास पिता महबूब खान निवासी केम्प 2 चटाई क्वार्टर दीपक स्पोर्ट्स के पास थाना छावनी, तहसील व जिला दुर्ग एवं उसके सीमावर्ती जिले रायपुर, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर एवं धमतरी जिले की सीमाओं से आदेश तिथि 17 अप्रैल 2025 से एक सप्ताह के भीतर बाहर चले जाने कहा है। जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार आदेश तिथि से एक वर्ष की अवधि तक उक्त जिलों की सीमाओं में जिला दण्डाधिकारी के आदेश के बिना शेख अब्बास प्रवेश नहीं कर सकेंगे। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार आरोपी शेख अब्बास पिता महबूब खान थाना छावनी दुर्ग का आदतन अपराधी है। इनके विरूद्ध थाना छावनी में अपराधिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न धाराओं में 17 प्रकरण दर्ज है।

### समाधान शिविर का आयोजन कल से

दुर्ग। जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय चरण 5 से 30 मई तक नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। तीसरे चरण का यह शिविर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। जिले में नगरीय क्षेत्र में 52 और ग्रामीण क्षेत्र में 21 इस प्रकार कुल 73 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों पर विभागीय अधिकारियों द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। शिविर सोमवार 5 मई को ननि दुर्ग में वार्ड 7 तिलक उमावि शिक्षक नगर, ननि रिसाली में वार्ड 39 जगदम्बा चौक पुरैना, नगर पालिका परिषद जामुल में तरूण सांस्कृतिक भवन वार्ड 3 नपं. उतई में, कार्यालय नपं. उतई और नगर पंचायत धमधा में डॉ अम्बेडकर भवन धमधा में शिविर का आयोजन किया गया है।

# चार से चौदह वर्ष के छह हजार से अधिक बच्चे कुपोषण के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में साढे पांच हजार से अधिक बच्चे मध्यम कुपोषण की स्थिति झेल रहे है। वहीं करीब 770 बच्चे गंभीर कुपोषण के शिकार हैं। विगत दिनों महिला बाल विकास विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाडे ने जिले में कुपोषण के आंकडे कम करने आगामी छः माह की मोहलत दी हैं। जिसे लेकर जिले में अभियान चलाया जाएगा।

अफसरों ने बताया कि, जिले में कुपोषण के खिलाफ अब निर्णायक जंग लड़ी जा रही है। पाटन विकासखंड के बाद अब बाकी विकास खंडों को भी कुपोषण से मुक्त किया जाएगा। जिले में मात्र 770 बच्चे ही कुपोषण के शिकार हैं।

वहीं कुपोषित और मध्यम कुपोषित 5669 को श्रेणी में रखा गया है। इन बच्चों की आयु 4 वर्ष से 14 वर्ष तक की है। लगभग 75 फीसदी बच्चे सामान्य श्रेणी के मिले हैं। राज्य शासन ने 6 महीने के भीतर दुर्ग जिले को कुपोषण से मुक्त करने का लक्ष्य दिया है। उल्लेखनीय है कि, कुपोषण के नाम पर राज्य शासन द्वारा हर वर्ष मोटी रकम खर्च की जाती है। इसके बाद भी जिले में कुपोषण के आंकडे कम नही हो रहे है।

## छह माह के भीतर जिले को कुपोषण मुक्त करने चलेगा अभियान

### जिले में चलेगी मुख्यमंत्री पोषण आहार योजना

दुर्ग जिले में मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री पोषण आहार योजना भी चलाई जा रही है। पूरे जिले में आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता और महिला बाल विकास विभाग का महकमा पूरी शिद्दत से कुपोषण अभियान को गति देने में लगा हुआ है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने हाल ही में दुर्ग जिले का दौरा कर अभियान की समीक्षा भी की थी। मंत्री ने कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए एक ठोस कार्ययोजना पर काम करने का निर्देश दिया था।



### कुपोषण का प्रतिशत 31.3 फीसदी

राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 (2015-16) के अनुसार छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर 37.7 प्रतिशत थी, जो राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2020-21) के अनुसार घटकर 31.3 प्रतिशत रह गई है। इस प्रकार पिछले 5 वर्षों में कुपोषण की दर लगभग 6.4 प्रतिशत की कमी आई है। राज्य शासन द्वारा कुपोषण दूर करने जच्चा और बच्चा दोनो के सेहत पर नजर रखने बिन्दुवार निर्देश भी जारी किए गए है। वही मैदानी स्तर पर काम करने वाले आंगनबाडी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को प्रशिक्षण भी दिए जाएंगे।

**चलाएंगे अभियान**

जिले में कुपोषण के आंकडों को कम करने अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती और कुपोषित बच्चों पर नजर रखी जा रही है। आगामी दिनों आंकडों में और भी गिरावट जाएगी।

**-आरके जामुलकर,** जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्ग

**अव्यवस्था :** 18 वाटर एटीएम एक करोड़ 56 लाख रूपए खर्च कर लगे थे

# शहर में करोड़ों का लगा वाटर एटीएम लेकिन प्याऊ घर से बुझ रही प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## गर्मी में भी लगातार मशीन बनाने लगाते रहे गुहार, नही हुई सुनवाई

नगरनिगम द्वारा डेढ करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च कर शहर के डेढ दर्जन इलाको में वाटर एटीएम लगाए गए है। लेकिन वर्तमान में एक भी एटीएम पिछले कई सालों से चालू नही हैं, जिससे कबाड हो गई है। मेटेनेन्स नही होने के कारण करोडों रूपए का एटीएम काम का नही रहा, जबकि शहरवासियों की प्यास प्याउ घर से बुझ रही है। शहर में लगे दर्जनभर से अधिक प्याउ घर इन दिनों शहरवासियों की प्यास बुझा रही हैं।

जानकारी अनुसार नगरनिगम द्वारा वर्ष 2018 में 1 करोड 56 लाख 60 हजार रूपए की लागत से लगाई गई लाखों रूपए का वाटर एटीएम कबाड हो गया हैं। आगामी 2025 तक ठेकेदार को एटीएम मशीन का रखरखाव करना था। नगरनिगम की निगरानी में ठेकेदार से कार्य कराना था। लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर में लगे 18 एटीएम कबाड हो गए हैं। नगरनिगम में वर्ष 2018 में 18 वाटर एटीएम लगे थे। इसके लिए यूरो केयर नामक कंपनी को कार्य दिया गया था। एक वाटर एटीएम के लिए 8 लाख 70 हजार रूपए खर्च किए गए थे। इस कंपनी को एटीएम लगाने के साथ ही आगामी सात साल तक संचालन करना था। यानि वर्ष 2025 तक मशीन में किसी भी तरह की तकनीकि खराब आने पर सुधार की जिम्मेदारी कंपनी की थी। वाटर एटीएम से शुध्द पानी राहगीरों को उपलब्ध कराना था। ठेकेदार ने तय प्लानिंग के तहत शहर के 18 जगह में प्लांट तो लगा दिए। इसके संचालक को लेकर निगम प्रशासन भी गंभीर नही दिखा और आज कही पर भी वाटर का लाभ आम लोगों को नही मिल रहा हैं। शहर में नया बस स्टैंड, बोरसी हाट बाजार, पुलगांव कपडा मार्केट, नगरनिगम के सामने एटीएम, आरटीओ कार्यालय, पद्नाभपुर समृध्दि बाजार, जिला पंचायत परिसर जैसे एटीएम बंद हैं।



दुर्ग। दुकान के सामने इस तरह रखा गया है देशी मटका




दुर्ग। पुराना बस स्टैंड में लगा प्याऊ घर।

### नहीं निभाई जिम्मेदारी, दफ्तरों का भी बुरा हाल

शहर में एटीएम कबाड होने के कारण सरकारी दफ्तरों में राशि खर्च लगाए गए मशीने कबाड हो गई है। जिसमें खुद नगरनिगम परिसर, जिला पंचायत भवन, कलेक्टोरेट, जनपद में आरओ मशीने खराब हैं।



### दुकान के सामने मटका रखने का चलन

दुर्ग के पुराना बस स्टैंड में श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा प्यास घर संचालित किया जा रहा है। इसके आलावा शनिचरी बाजार, नया बस स्टैंड, समृध्दि बाजार पद्नाभापुर जैसे इलाको में प्यास घर से लोगों की प्यास बुझ रही हैं। ज्यादातर दुकानों में व्यापारी वर्ग दुकान के सामने मटका रखकर लोगों की प्यास बुझा रहे है। इंदिरा मार्केट में व्यापारियों ने दुकान के सामने कैन रखा है, जिससे आवाजाही करने वालों को प्यास से न जूझना पडे।

### शहर के इन इलाको में लगाए गए एटीएम मशीन

नगरनिगम द्वारा डेढ करोड रूपए खर्च कर शहर के अठारह स्थानो पर एटीएम लगाए गए थे। जिसमें वाटर एटीएम लोक अदालत नगरनिगम के सामने, शीतला सब्जी बाजार, पुलगांव कपड़ा मार्केट, बोरसी सब्जी (हाट) बाजार, नया गंज मंडी धमधा रोड, सिकोला सब्जी बाजार, मालवीय नगर चौक, जिला अस्पताल, सिंधिया नगर, आदित्य नगर जोन कार्यालय, राजेन्द्र पार्क के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, इंदिरा मार्केट पार्किंग परिसर, वार्ड क्र. 59 कातुलबोर्ड चौक मुख्य मार्ग में एसएएफ बटालियन के सामने, जिला अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, नया बस स्टैण्ड, दादा-दादी, नाना-नानी पार्क में लगे हैं।

**निर्देश दिए**

शहर के वाटर एटीएम मशीन को चालू कराने निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही शहर के वाटर एटीएम मशीनों को चालू कराया जाएगा। **-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त नगरनिगम दुर्ग

# मेयर ने कहा अवैध कब्जे हटाए, नहीं तो हम हटाएंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ केलाबाड़ी व इंदिरा नगर के नागरिकों से की चर्चा

नगर निगम दुर्ग के 60 वाडों में 1 मई से 8 जून जून तक तक महापौर महा-सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। शुक्रवार को शहर के वार्ड 40 केलाबाड़ी चौक नाला व 39 इंदिरा नगर, नाला सहित मोहल्ले/गलियों में घूमकर विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विभिन्न नाला-नालियों पर से अतिक्रमणों को हटाकर बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराने और नाला-नालियों का बहाव व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। महापौर ने केलाबाड़ी के भीतर नाला की साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर स्वास्थ्य अमले को बहुत नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा कि सड़क किनारे और नालियों के ऊपर अवैध निर्माण अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर नागरिकगण भी मौजूद थे। महापौर अलका बाघमार द्वारा क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और केलाबाड़ी व इंदिरा नगर के स्थानीय नागरिकों से चर्चा भी की।साथ ही साथ इंदिरा कॉलोनी वार्ड 40 में महापौर ने दिए गए निर्देश में तत्काल बड़े चैन माउंटेन को लगाकर नाला सफाई भी कार्य जारी है। साथ ही साथ निरीक्षण के दौरान लेबर कोर्ट के बाजू पेड़ से टकराते हुए बिजली तार को तत्काल प्रभाव से बंद करवा कर पेड़ को साफ कर वापस बिजली तार को सही किया गया एवं किसी भी प्रकार की अपनी घटना से बचाया गया।

### युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण 5 से

दुर्ग। बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान दुर्ग भारत सरकार द्वारा संचालित एक प्रशिक्षण संस्थान है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करता है। आरसेटी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगार युवक-युवतियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार विकास को सुगम बनाना है। जानकारी अनुसार 05 मई 2025 से घरेलू विद्युत उपकरण सेवा उद्यमी (30 दिन), 19 मई 2025 से सीसीटीवी इंस्टालेशन एवं सर्विस (13 दिन) एवं 02 जून 2025 से फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी (30 दिन) प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# संगठन को मजबूत करने मंडलस्तर पर भाजपा ने शुरु किया बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ भाजपा की संगठनात्मक बैठक कार्यक्रम तय



भारतीय जनता पार्टी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के अध्यक्ष निर्वाचन के पश्चात संगठनात्मक बैठक प्रथम मंडलों में प्रवास कार्यक्रम तय किया गया है। जिसकी कड़ी धमधा, लिटिया बोरी और पटरी पार मंडल में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सांसद विजय बघेल जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक विधायक गजेंद्र यादव महापौर अलका बाघमार उपाध्यक्ष अरविंद खुराना मंत्री आशीष निमजे कार्यालय मंत्री मनोज सोनी मीडिया प्रभारी राजा महोबिया मंडल भाजपा अध्यक्ष मनमोहन शर्मा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजन जोसेफ उपस्थित रहे। लिटिया बोरी और धमधा मंडल की बैठक में मुख्य रूप से जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन शर्मा, धमधा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रीति देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष श्वेता अग्रवाल, मंडल भाजपा अध्यक्ष लोकेंद्र, ब्रह्म भट्ट बीरबल पटेल, रोहित राजपूत, कृष्णा पटेल, रमन यादव, भोमराज जैन, जोहन वर्मा, सुनील गुप्ता, दिलीप गुप्ता उपस्थित रहे। आयोजित बैठक में

# डिजीटल साक्षरता के जरिए ठगी से बचने बताई तरकीब

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पेंशनरों को दी जानकारी, सहयोग का आश्वासन



हेल्पेज इण्डिया के प्रतिनिधि मुकेश चेलक ने डिजिटल साक्षरता के तहत ठगी से बचाव तरीकों से पेंशनर्स को अवगत कराया। उन्होंने हेल्पेज इण्डिया के द्वारा किये जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और हर प्रकार के सहयोग का आश्वासन भी दिया। आचार्य डॉ.महेशचन्द्र शर्मा ने वैदिक साहित्य, रामायण, महाभारत और अनेक ऋषि-मुनियों के सन्दर्भ से अनादि-अनंत अक्षय तृतीया की सांस्कृतिक पृष्टभूमि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन महासचिव पीआर साहू ने किया। मौके पर हेल्पेज इण्डिया के प्रशिक्षक सूरज, कनक और रुख़्साना के साथ पेंशनर्स संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा, दुर्ग इकाई से एनपी मेहता, आरडी साहू, यूके टिकरिहा, एसपी गौतम, शीतल प्रसाद साहू एवं केपी देशमुख समेत बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# शंकर नगर मैदान में बनेगा बास्केटबॉल व बैडमिंटन कोर्ट, बैठक में लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ ननि के शिक्षा समिति की बैठक में प्रस्ताव



नगर निगम के एमआईसी भवन में शिक्षा समिति की बैठक बैठक हुई। बैठक शिक्षा विभाग प्रभारी लीलाधर पाल की अध्यता में हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने प्रस्ताव भी रखे गए। प्रभारी ने समिति की बैठक कार्यो के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने की बात कही। नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले समस्त खेल मैदान व निगम द्वारा बनाए गए खेल भवन व व्यायाम शाला भवन के संचालन व संरक्षण के लिए समिति बनाने का निर्णय लिया गया। निगम द्वारा संचालित जय हनुमान व्यायाम शाला में भवन संधारण व व्यायाम सामग्री व्यवस्था के अलावा शंकर नगर पानी टंकी मैदान में बास्केट बॉल और बैडमिंटन कोट बनाने के अलावा इंटरलॉक मेट कबड्डी और जुडो मेट की आवश्यकता बताई। प्रभारी श्री पाल ने कहा वार्ड 11 हमर क्लिनिक के ऊपर जिम एवं वार्ड 16 में ओपन गार्डन सहित शहर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों में ओपन जिम खोलने का निर्णय समितियों के सदस्यों ने लिया। साथ ही निगम रहवासियों के लिए बघेरा में क्रिकेट मैदान निर्माण के अलावा शासकीय उमा विद्यालय तकियापारा वार्ड 8 में शालेय भवन में इन्टरगेम सुविधा प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।

**भीषण गर्मी और मौसम की मार से लोग हलाकन हो रहे वाहन चालक**

# हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने शिविर में अव्यवस्था से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ 00000000

वर्ष 2019 से पहले के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के निर्देश के चलते शहर के पालीटेक्निक कालेज के सामने वेंकटेस बजाज शो रूम में शिविर का आयोजन किया गया हैं। शिविर में गर्मी के चलते वाहन चालक परेशान हो रहे है, वहीं शनिवार को बारिश के चलते बिजली भी गुल हो गई। ऐसे में कर्मचारियों ने टार्च के भरोसे लोगों को पर्ची का वितरण किया। इस अव्यवस्था को लेकर परिवहन विभाग के अधिकारी के प्रति वाहन चालको में आक्रोश की स्थिति निर्मित रही।

एक अप्रैल से हाई सिक्योरिटी नंबर लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। परिवहन विभाग द्वारा अलग अलग तिथि में शिविर लगाए जा रहे है। शनिवार को बीआईटी कालेज के सामने शिविर लगाए गए थे। जहां लोगों को पर्ची तो जारी कर दिया गया था। लेकिन उन्हें अपनी बारी का इंतजार करने घंटो परेशानी का सामना करना पडा। हरिभूमि ने लाइन में लगे लोगों से पूछा तो उन्होने बताया कि, कर्मचारी कह रहे है कि, सिस्टम का सर्वर काम नही कर रहा हैं। उन्होने बताया कि, नंबर दिए गए समय पर घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल पा रहा है।

### एजेंसी ने पर्याप्त स्टॉप भी नहीं रखा

परिवहन विभाग के अधिकारी एसएल लकडा का कहना हैं कि, शिविर लगाने की जिम्मेदारी कंपनी की है। हमने जगह उपलब्ध करा दी हैं। इधर शिविर में बाइक और कार वालो को एक जगह शिविर निर्धारित की गई है। जिसकी वजह से ट्रैफिक अलग जाम हो रही। अगल बगल वाले दुकानदार भी परेशान हो रहे। अफसरों ने बताया कि, तीन लाख वाहनों में नंबर लगाने का टारगेट है। जिसमें से अब तक करीब 59 हजार वाहनों में नंबर लग चुका हैं।



### बगैर नंबर प्लेट के लौटे वाहन चालक

शोरूम में वाहन चालक आक्रोशित तब अधिक हो गए, जब उन्हें बगैर नंबर प्लेट दिए खाली हाथ लौटा दिया गया। जब नाराज लोगों ने इसकी शिकायत की तो कर्मचारियों का कहना था कि, नंबर प्लेट ही नही आया है। जिसे लेकर वाहन चालको का कहना था कि, जब आनलाइन आवेदन में नंबर लगाने तिथि दी गई है तो वापस क्यों लौटा रहे हैं।

### 2 से 14 मई तक यहां लगेंगे शिविर

अतिरिक्त उच्च न्यायालय द्वारा समय-सयम पर जारी अन्य निर्देशों के पालन में प्रदेश में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी यथा रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमि. के कर्मचारी द्वारा की जा रही है। जानकारी के अनुसार 2 मई 2025 तथा 5 मई 2025 तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में, 6 मई 2025 तथा 7 मई 2025 को जिला न्यायालय परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई 2025 को जिला पंचायत परिसर दुर्ग में, 10 मई 2025 तथा 11 मई 2025 को बस स्टैण्ड दुर्ग में और 13 मई 2025 व 14 मई 2025 को नगर पालिक निगम परिसर दुर्ग में शिविर आयोजित की जाएगी।

# कमिश्नर ने की सुशासन तिहार में मिले आवेदनों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



संभाग आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय कलेक्टर्स कांफ्रेंस आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावार समीक्षा करते हुए संभाग आयुक्त एस.एन. राठौर ने कहा कि प्रदेश स्तरीय सुशासन तिहार के अंतर्गत दुर्ग संभाग में तृतीय चरण में समाधान शिविरों का आयोजन बेहतर ढंग से सफलपूर्वक संपन्न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। आवेदनों का निराकरण गुणवत्तापूर्वक हो। शिकायते संबंधी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने कलेक्टरों से आवेदन निराकरण के संबंध में जानकारी ली। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि सुशासन तिहार अंतर्गत दुर्ग संभाग में मांग एवं शिकायत संबंधी कुल 781195 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें अब तक 528951 आवेदन निराकृत किये गये हैं। संभाग आयुक्त ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाए। कलेक्टर, शालाओं के युक्तियुक्तकरण सावधानीपूर्वक जनहित में करना सुनिश्चित करें। उन्होंने गर्मी के मौसम में जिलेवार बसाहटों में स्थापित हैण्डपम्प की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए पेयजल एवं निस्तारी की समुचित प्रबंध करने कहा।

## खबर संक्षेप

### कलार समाज ने जलाया आतंकवादी का पुतला



**कुम्हारी।** विगत दिनों स्थानीय कलार समाज द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में आतंकवादियों का पुतला जलाया। कलार समाज के हीरा सिन्हा ने कहा कि आज पूरे देश मे हिन्दू समाज जाती, भाषा और राज्य के नाम पर बटा हुआ है यही कारण है कि हिन्दू समाज और समाज की बहन बेटियां निशाने पर रहती हैं। हमे आपस मे एकजुट रहना आवश्यक है। इस मौके पर कलार समाज के भोजराम सिन्हा, समारु सिन्हा, सोहन सिन्हा, रामगोपाल सिन्हा, नोबल सिन्हा, धर्मेंद्र सिन्हा, गंगाप्रसाद सिन्हा, हीरा सिन्हा, मुकुंद सिन्हा, दुर्गाप्रसाद सिन्हा, टुमन सिन्हा, तिलक सिन्हा, द्रोण सिन्हा , तनय सिन्हा ,युवराज सिन्हा, कोमल सिन्हा एवं खुशबु सिन्हा आदि मौजूद थे।

### ग्रामीणों के साथ कलेक्टर से मिली विधायक

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने मुढ़ीपार के कांग्रेसी एवं ग्रामीण जो प्रधान पाठ बैराज का गेट टूटने से परेशान है के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नहर लाइनिंग और बांध के गेट को व्यवस्थित करने की मांग की। श्रीमती बघेल ने कहा कि अभी बरसात आने में समय है।

**निधन**

### बिरझा बाई देशमुख

**भिलाई।** भानपुरी निवासी बिरझा बाई देशमुख 83 वर्ष का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उसका अंतिम संस्कार 4 मई को सुबह 10 गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सालिक, सावंत, भागीरथी की माता थीं।



## गाड़ियों की आवागमन में न हो दिक्कत

# ओवरब्रिज के नीचे लगे अव्यवस्थित ठेलों और गुमटियों पर सीएमओ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी



नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नेतराम चन्द्राकर के द्वारा कुम्हारी स्थित नेशनल हाईवे में निर्मित ओव्हरब्रिज के नीचे अवैध रूप से लगाये जा रहे ठेला, गुमटी एवं विभिन्न प्रकार के व्यवसायिकों को तत्काल प्रभाव से हटाया गया एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो इसबात को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवसायिकों को ठेला और गुमटी न लगाने एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का ठेला, गुमटी पाये जाने पर जप्त करने की कार्यवाही की जाने की समझाईस दी गई। बता दें कि ओवरब्रिज के नीचे छोटी छोटी दुकानें सड़कों पर ही लगाई जा रही थी साथ ही ऑटो चालक भी अपनी गाड़ियां वहीं खड़ी किया करते थे जिससे आवागमन बाधित ही नही दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी क्योंकि यही वह स्थान है जहां से गाड़ियां अपनी अपनी दिशाओं की ओर मुड़ती हैं इसे देखते हुए शुक्रवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने यह कदम उठाया।

### पत्रकारिता वर्तमान समय में दुनिया में उच्च स्तर पर: कुरैशी

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने पत्रकारिता दिवस को लेकर कहा कि देश के उन वरिष्ट प्रत्रकारों जिनकी योग्यता के कारण आज पत्रकारिता जगत दुनिया में उच्च स्तर पर है। उनके कामों को दुनिया में भुलाया नहीं जा सकता, जिसके लिए वे सभी धन्यवाद के पात्र हैं। प्रत्येक वर्ष 3 मई को पुरे दुनिया में मीडिया महत्व और उसकी स्वतंत्रता के उद्देश्य से विश्व प्रेस दिवस मनाया जाता है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि समाज में सही जानकारी कितनी आवश्यक है। यह केवल पत्रकारों के लिए नहीं बल्कि उन सभी के लिए है, जो सच को सुनना, समझना, बताना चाहते हैं। विश्व प्रेस दिवस की शुरुआत यूनेस्को द्वारा 1991 में की गई थी। पत्रकार और मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है, भारत के ऐसे से महान पत्रकार जिन्होंने अपने प्राण की चिंता न करते हुए सत्य को सामने लेन का अथक प्रयास किया। उनका अतुलनीय योगदान के लिए विश्व प्रेस दिवस समर्पित है।



## अंचल की खबरें

### मजदूरों को गमछा भेंटकर किया सम्मानित



**अहिवारा।** ग्राम पंचायत बागडूमर (सेमरिया) में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने धमधा ब्लॉक के सरपंच संघ अध्यक्ष सरपंच दामिनी साहू के साथ मिलके ग्राम पंचायत सेमरिया( बागडुमर) मनरेगा मजदूरों का चरण पखार, उनसे आशीर्वाद लिया। मजदूरों को विकसित भारत के एक मजबूत नीव के रूप में संबोधित किया। सभी मजदूरों का छत्तीसगढ़ महतारी का गमछा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर बिरेभाट सरपंच ज्ञानदास नारंगे , उप सरपंच बागडूमर राम अवतार नेताम, लीशी साहू, स्नेह लता सोनी, रोजगार सहायक ,अमित कुमार साहू पंच ,दुलारी बाई मांडवी, प्रीति क्षत्रिय पंच, देवेंद्र सोनी,गौरी साहू , सुरुचि साहू ,बहल राम यादव ,दीपेश ,सुभम ,तुषार ,गोवर्धन टंडन ,अनूप राय उपस्थित थे।

### मनीषा बनी एमबीबीएस डॉक्टर, किया स्वागत

**सेलूद।** गांधी चौक सेलूद निवासी शिक्षिका शंकुतला कश्यप पति लुतन कश्यप की पुत्री वर्ष 2018 में नीट परीक्षा के माध्यम से प्रदेश में एमबीबीएस के लिए चयनित हुई थी। वह पंडित जवाहर नेहरु स्मृति मेडिकल कॉलेज रायपुर के मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा नीट में चयनित हुई थी। मनीषा कश्यप शुरू से ही काफी मेघावी छात्रा रही है। मैत्री विद्या निकेतन रिसाली भिलाई से सीबीएससी पैटर्न से 12वीं की परीक्षा बायो में उत्तीर्ण की थी। एमबीबीएस यानी बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी एक लोकप्रिय अंडरग्रेजुएट मेडिकल डिग्री प्रोग्राम है, जो मेडिकल प्रोफेशनल बनने की ख्वाहिश रखने वाले छात्रों द्वारा किया जाता है। कोर्स की अवधि साढ़े पांच साल है, जिसमें एक साल की अनिवार्य इंटर्नशिप भी शामिल होता है। मनीषा क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. अयोध्या प्रसाद कश्यप की नातिन है। इस उपलब्धि से ग्राम सेलूद में हर्ष का माहौल है। सेलूद गांव से मनीषा कश्यप प्रथम एमबीबीएस डॉक्टर बनने वाली पहली लड़की है। इस अवसर पर लुतन कश्यप, शकुंतला, लोचन, प्रकाश, स्वाति, देव कुमारी, आकाश, हर्षा, सरपंच खिलेश मारकंडे, उपसरपंच राकेश साहू, जवाहर वर्मा, सुरेन्द्र बंछोर, जयश्री वर्मा , त्रिभुवन यदु ने उज्जवल भविष्य की कामना की।




### स्टूडेंट्स ने किया ग्राम कोटनी का निरीक्षण



**अंडा।** अमृता विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं की टीम ग्राम पंचायत कोटनी जिला दुर्ग में जैविक कृषि अभियान के तहत गांव के किसानों एवं महिलाओं से मिलकर विस्तृत चर्चा किया। टीम का उद्देश्य प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं, ग्रामवासियों को विभिन्न कौशलों एवं उद्योग आदि में दक्ष बनाया जाता है। इससे वे अपने पारंपरिक जीवन से आगे बढ़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो पाते हैं। गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने किया विदेशी स्टूडेंट्स का स्वागत। विदेशी स्टूडेंट्स में सौम्या मैम, अरुण सर, हरि सर, अनुप सर, ब्रिजेट ओवेन्स टोंडेरी, अनुजा श्रवंत, थम्मना दिव्या, सारिन, नीरज, अमल अश्विन, प्रियम्वदा, अभिनव, विश्वजीत, आर्या, अद्वैता, कीर्ति प्रभु ,अम्बरीश, युवन, सुंद शिवा ,सूर्या एवं ग्राम प्रमुख रामसिंह निषाद, सरपंच कोटनी ललिता निषाद, पीपरछेड़ी देवेन्द्र साहू, उपसरपंच धनीराम निषाद, विरेन्द्र निषाद, युवा अध्यक्ष निषाद समाज पन्ना निषाद, मनोज निषाद, शिव निषाद, अगरहिज साहू, चैतराम साहू, महेन्द्र रिगरी, पोषण साहू, भीषम साहू, विजय राजपूत, तोमन यादव, दुलेश यादव, दीपेश निषाद, हेमलता निषाद, सुमन निषाद, गंगौत्री निषाद, हितेश्वरी साहू, पूर्णिमा ठाकुर, निर्मला निषाद, ज्योति ठाकुर, मधुलाता निषाद आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

### मेगा फेस्ट में डवित ने हासिल किया 5वां स्थान



**अंडा।** ब्राउनिश मेगा फेस्ट कंपीटिशन में 10 मिनिट में 200 प्रश्न का उत्तर देना था। जिसमें विजुअल कंपीटिशन स्टेट लेवल में स्टेप केजी-2 में डवित कुमार साहू धमतरी निवासी जो कि केंद्रीय विद्यालय धमतरी में पढ़ाई क्लास 6वीं में पढ़ाई कर रहा है। अग्रशेन धाम रायपुर में तक आयोजित परीक्षा में। जिसमें पूरा स्टेट लेवल में पांचवा स्थान प्राप्त किया। पिता दिनेश्वर साहू व माता निशा साहू, अनसुईया-नारायण साहू व सरपंच खपरी सिलोदा ने हर्ष जताया।

### महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हो रही : चंद्राकर

**भिलाई।** महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 15वीं किश्त महिलाओं के खाते में ट्रांसफर किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया गया है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में 69.32 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.38 करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। 15 माह में 9788.78 करोड़ रुपए की राशि प्रदेश की महिलाओं को प्रदाय की जा चुकी है। योजना के अंतर्गत 21 से 60 वर्ष आयु वर्ग की विवाहित, विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।



# मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है: बिरेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ निकुम

निकुम के यादव परिवार पर दुखों का पहाड़ गिर गया। ड़ेढ दशक पहले पति की ट्रेन में कटकर कर मौत हो चुकी है। बीते 15 दिन पहले 27 वर्ष के संदीप यादव की कुम्हारी में शादी समारोह से लौटते समय सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई, घर का चिराग ही बुझ गया, घर में सिर्फ मां लता यादव और कक्षा 12वीं में विनिता यादव पढ़ाई कर रही है। घटना के बाद इस परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब है। वहीं इस घटना के जानकारी लगते ही बालोद जिले के नाड़ी वैघ व 64 योगनी मोक्ष सेवा संस्थान लिमोरा के संस्थापक के गुरुदेव बिरेन्द्र देशमुख ने मानवीय परिचय देते हुए दुर्ग जिले ग्राम निकुम में पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर पीड़ित परिवार को 25 हजार रुपये की सहायता कर बेटी विनिता यादव को कॉलेज की शिक्षा दीक्षा की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर गुरुदेव बिरेन्द्र देशमुख ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची माधव सेवा है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख, रोशन देशमुख, श्याम बेलंचदन आदि मौजूद थे।

- निकुम में पीड़ित परिवार से मिलकर हर संभव मद्द का दिया भरोसा

## पहले दिन 35 का पंजीयन, 15 को मिला

# शांति नगर में 1 रुपए के किराए में मिलेगा हेलमेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई के लोगों के लिए अच्छी खबर है, अब उन्हें हेलमेट खरीदने की जरुरत नहीं है। हेलमेट उन्हें किराए में मिलेगा। इसके लिए दिन के हिसाब से उन्हें महज 1 रुपए देने होंगे। शांति नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर के करीब इसका काउंटर खोला गया है, जहां आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक, राशनकार्ड और अन्य दस्तावेजों की फोटोकॉपी जमा करने पर उन्हें हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। पहले दिन कैम्प क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड, फौजीनगर, सुपेला के लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 15 लोग देर शाम हेलमेट लेकर भी गए। जानकारी के मुताबिक पूरे भिलाई शहर के लोगों के लिए इस हेलमेट अवेयरनेस अभियान की शुरुआत की गई है। दुर्ग के लोग भी यदि पहुंचते हैं, तो उन्हें भी हेलमेट उपलब्ध कराया जाएगा। 30 दिन में पंजीयन रिनुवल किया जाएगा। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन की पहल पर जनसहयोग से इस अभियान को शुरू किया गया है, जिसमें लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक किया जा रहा है। हेलमेट बैंक में फिलहाल 5 हजार हेलमेट उपलब्ध कराए गए हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने इसका उद्घाटन किया। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन इस दौरान मौजूद थे। इस दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहनन पहनने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। देवांगन ने कहा कि न्यायालय के निर्देश है कि ट्रैफिक नियमों का पालन कराया जाए। प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में लाखों लोगों की जान हेलमेट नहीं पहनने से होती है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर लाल देवांगन, मंडल अध्यक्ष शशि भगत, तरुण सिंह, दीपक भोंडेकर, गोपाल साहू, विजय शुक्ला, मोतीलाल श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

- वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने जनसहयोग से की शुरुआत

# लाइट मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण में युवा लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




भिलाई इस्पात संयंत्र के रावघाट खदान क्षेत्र में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत रावघाट क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास की दिशा में 21 दिवसीय लाइट मोटर वेहिकल (एलएमवी) ड्राइविंग वाहन चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण नया रायपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च (आईडीटीआर) में आयोजित हुआ। इसमें प्रथम चरण के अंतर्गत खोड़गांव पंचायत के अंतर्गत आने वाले अंजरेल, परलभाट, सुपगांव एवं खोड़गांव के 30 युवाओं को शामिल किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार व सीजीएम अनुपम बिष्ट उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को आधुनिक ड्राइविंग तकनीक, ट्रैफिक नियमों, सड़क सुरक्षा और व्यवहारिक ड्राइविंग कौशल की व्यापक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के समापन समारोह के अवसर पर सहायक महाप्रबंधक अमित कुमार मिश्रा, अजय कुमार यदु, मोरध्वज और प्रदीप कोठारी उपस्थित थे।

- सीएसआर मद से दिया गया 21 दिन का प्रशिक्षण

## बिजनेस साइट

### जीडी गवेल ने नीट के परीक्षार्थियों को दिए टिप्स

**भिलाई।** नीट के तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं आज परीक्षा है। उसमें आपको सफलता लेना है। अब मात्र कुछ ही घंटे बचा है। अपने तैयारी पर विश्वास रखे, शांत व एकाग्रचित होकर परीक्षा कक्ष में जाएं। पेपर देखकर बिलकुल ही न घबराएं। सबसे पहले, जो जानते हैं उसको बनाए। फिर कुछ सोच समझकर बनने वाली प्रश्नों को बनाएं। अंत में कठिन प्रश्नों को हल करें। पहले बायोलॉजी, फिर केमेस्ट्री अंत में फिजिक्स को हल करें। प्रश्न इतना बनाए, नेगेटिव निकालने के बाद चयन वाला अंक आ जाए। पिछले वर्ष सामान्य लगभग 592, पिछड़ा 590, एससी 480, एसटी 325 कट आफ गया था। रैंक पाना है तो थोड़ा ज्यादा हल करना होगा। टॉप टेन में आने की सोच रहे हैं तो सबकों जाना होगा। समय सीमा ध्यान रखना होगा। सही उत्तर का चयन करते समय बहुत सावधानी रखना होगा। परीक्षा हाल में आप और आपका प्रश्न पेपर आमने-सामने होगा। प्रश्न को सही तरीके से पढ़कर एकदम सही उत्तर को चयन कर बिंदी लगाए। सामाना अच्छे से करना है भागना नहीं है वरना आपके अंक खा जाएगा। मैं सलेक्शन होऊंगा मेरा तैयारी किया हुआ आएगा, मुझे चयन होने से कोई नहीं रोक सकता। इस मनोबल के साथ आप परीक्षा दिलाएं। आपका चयन निश्चित है। यह जानकारी प्रदेश के सबसे अधिक अनुभवी नीट के जीडी गवेल सर प्राचार्य एवं संचालक मेडिकल पाइंट भिलाई ने दी है।



### सेवानिवृत सैनिक का नगरवासी ने किया स्वागत



**उतई।** पौहा निवासी डुकेश साहू शीतला नगर उतई में निवासी। उन्होंने सैनिक धर्म निभाते हुए पूरी लगन एवं बहादुरी से देश की सुरक्षा का उत्तरदायित्व पूरा करते हुए अपना कार्यकाल पूरा कर घर वापसी किया। इस अवसर पर नगर के पूर्व पार्षद नरेंद्र साहू पार्षद सुश्री संगीत रजक पार्षद सोनू राजपूत रुपेश पारख सतीश पारख के आर सिन्हा सुरेंद्र चंद्राकर विवेक अग्रवाल पुरेन्द्र चंद्राकर शेषनारायण वर्मा मुकेश वर्मा बिरेंद्र साहू ताम्रध्वज साहू आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस ने जातिगत जनगणना के मुद्दे को जन आंदोलन का दिया रूप, संशोधन के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



केंद्र सरकार के जातिगण जनगणना कराए जाने के निर्णय के बाद एक बहस चल पड़ी है। श्रेय की होड़ से मची है। भाजपा जहां इसे अपनी उपलब्धि बताने में नहीं चूक रही है, वहीं कांग्रेस भी पीछे नहीं है। एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव और विधायक प्रतिनिधि आकाश कनोजिया ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिल्लकार्जुन खड़गे, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मुद्दे को उठाया। जनआंदोलन का रूप दिया, इसके बाद केंद्र सरकार जाति आधारित जनगणना के लिए तैयार हुई। भाजपा ने पहले इसका विरोध किया था। राहुल गांधी जी गिनती करो अभियान ने सरकार को झुकने पर मजबूर किया. इस दौरान मांग की गई कि जातिगत जनगणना के लिए स्पष्ट और समयबद्ध कार्ययोजना की घोषणा की जाए। तेलंगाना मॉडल को अपनाया जाए। 50% आरक्षण की सीमा को समाप्त किया जाए, जो पिछड़े वर्गों, दलितों और आदिवासियों की प्रगति में बाधा बन चुकी है। अनुच्छेद 15(5) के अंतर्गत निजी शिक्षण संस्थानों में आरक्षण को तत्काल लागू किया जाए, जिसे अब तक लागू नहीं किया गया है। इस अवसर पर सौरभ मिश्रा, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष विभोर दुर्गकर, सुरेंद्र बाघमारे, विनीश साहू, निक्कू चौबे, दीपक पाल, तोहिद अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

## राजहरा माइंस चिकित्सालय में आयोजन

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 520 लोगों को मिला परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क समग्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा विभाग तथा जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भिलाई के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों की टीम ने इस शिविर में स्थानीय नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में मुख्य चिकित्सा आधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लिया। इनमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदन दास, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद बिनायक और डॉ. संतोष नाशिने, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. गिरीश उमरेडकर, सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. मनीष देवांगन, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. धीरज गुप्ता, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. इमैनुएल मैसी, दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. अमित अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निशा ठाकुर, नेत्र-रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपाली गुप्ता, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशिक किशोर, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक अग्रवाल, फिजियोथेरेपिस्ट श्वेता शर्मा तथा कनिष्ठ प्रबंधक रेज़ी वेणुगोपाल प्रमुख रूप से शामिल रहे। इनके अतिरिक्त डीएनबी चिकित्सकों में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. रवि, डां. मनोज डहरवाल फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ प्रतिभा तथा रेडियोलॉजी तकनीशियन नवल ने भी अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।शिविर के दौरान विभिन्न रोगों की जांच, परामर्श और उपचार के साथ स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों का भी आयोजन किया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



### खजुरीताल में बिखेरी छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की छटा

**भिलाई।** हर साल की भांति इस साल भी खुजरीताल मैहर मध्यप्रदेश के गुरुकुल आश्रम में जगद्गुरु रामानंदचार्य स्वामी रामललाचार्य के सानिध्य में परशुराम जयंती पर 5 दिवसीय पाटोउत्सव मनाया गया। आयोजन में छत्तीसगढ़ की कला-संस्कृति की छटा बिखरी। आयोजन में दुर्ग पाटन के कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पहली बार डॉ. लिलेश्वर सिंह कृत रामायण आर्क्रेस्टा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति, वेशभूषा, भाखाबोली, सुवा, गौरी-गौरा, राउत नाचा व अन्य गीतों में लोग झूमने लगे। जगद्गुरु ने भी तारीफ कर अपने हाथों से कलाकारों का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पाटन से गए कलाकार हरीश साहू ने छत्तीसगढ़ की संकृति को बखूबी बारीकियों को मंच के माध्यम बताया। डॉ. मीनाक्षी पांडे व अभिनेता, मुख्य गायक डॉ. लिलेश्वर सिन्हा ने अपने गायन से समां बांधा। अरुण, मुकेश, घासीराम, गायिका दीपमाला और रिंकी ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### एचएमएस ने मई दिवस व मधु लिमये का जन्मदिन मनाया



**भिलाई।** भिलाई श्रमिक सभा द्वारा यूनियन कार्यालय में मई दिवस और समाजवादी नेता मधु लिमये का जन्म दिवस मनाया गया। शिकागो में शहीद मजदूरों को श्रद्धांजलि और स्व .लिमये के चित्र पर यूनियन अध्यक्ष एचएस मिश्रा माल्यार्पण किया। कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल, उपाध्यक्ष अशोक पंडा व महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे। श्री मिश्रा मजदूरों की समस्याओं के निदान के लिए एकजुटता पर जोर दिया। प्रेम सिंह ने पर्यावरण की रक्षा के लिए 5 पौधे लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सचिव वीके पटेल, विशाल कुमार एनके सिंह, त्रिलोक मिश्रा व ए चिन्नय्या एससी रथ गुलाब चंद सोनी कार्यालय सचिव सावित्री मिश्रा, अर्जुन, रमेश पांडे आरएस मौर्य दयाल दास, ज्ञान दास, राम दयाल कपिलदेव आदि उपस्थित थे ।

### सेक्टर 7 में श्रमिकों का सम्मान कार्यक्रम आज

**भिलाई** । बीएसपी वर्कर्स यूनियन द्वारा मई दिवस के उपलक्ष्य में 4 मई को दुर्गा डोम शेड सड़क 15 और 16 के मध्य सेक्टर 7 में श्रमिक नेता स्व. रोबिन दत्ता की समृति में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित है। इस अवसर पर लोकगायिका आरु साहू सास्कृतिक प्रस्तुति देंगी।

# 3 दिन में 50 मिमी बारिश, 121 हेक्टेयर में लगे केले, पपीते तबाह

भिलाई। गुरुवार को आई अंधड़ -तूफान के कहर से हुए नुकसान से उबर ही नहीं पाए थे कि दूसरे दिन फिर से हालात वैसे ही बन गए। शनिवार को शाम 4 बजे तेज अंधड़ के साथ अच्छी बारिश भी हो गई है। । पिछले तीन दिनों में ही दुर्ग जिले में 50 मिलीमीटर बारिश हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी बिजली व्यवस्था को लेकर आई। जैसे-तैसे विभाग ने बिजली शुरू की थी और शाम फिर से यह ध्वस्त हो गई। कई जगह बिजली के तार फिर से टूट गए हैं। जिसकी वजह से शहर और गांव में घंटों बिजली बंद रही।



**पिछले तीन दिनों में बारिश की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 1 मई- | 18.6 मिलीमीटर |
| 2 मई- | 20.8 मिलीमीटर |
| 3 मई- | 10.6 मिलीमीटर |

### गरज-चमक के साथ तेज बारिश

शनिवार को पूरे दिन तेज धूप निकली रही। एक दिन पहले हुई बारिश और उसके बाद तेज धूप ने उमस के हालात उत्पन्न कर दिए। लोग इससे खासे परेशान थे। लेकिन शाम 4 बजे आसमान को काले बादलों ने घेर लिया। घना अंधेरा भी छा गया। कुछ देर बाद तूफान ने अंधड़ के साथ दस्तक दी। आसमान पर धूल के गुबार छा गए। करीब 20 मिनट तक आसमान पर ऐसा नजारा दिखा। फिर गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने लगी। इस बारिश को देखकर ऐसा एहसास होने लगा कि जैसे प्री मानसून ने दस्तक दे दी है।

### एक-दो दिन ऐसा ही रह सकता है मौसम

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उससे लगे क्षेत्र में 3.1 किलोमिटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक उत्तर-दक्षिण द्रोणिका दक्षिण-पूर्व राजस्थान से उत्तर दक्षिण तमिलनाडु तक गुजरात, महाराष्ट्र, अंदरूनी कर्नाटक होते हुए, 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिण राजस्थान से उत्तर उड़ीसा तक मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए, 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। 4 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है ।

### तार व पेड़ों की टहनियां फिर टूटीं

अंधड़-तूफान से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के तार फिर से टूट गए। जिसकी वजह से दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को बिजली बंद रही। सड़क किनारे पेड़ों की टहनियों फिर से टूटी मिली। हालांकि कोई बड़ी क्षति की खबर नहीं है।



### धमधा के 38 किसानों ने 138 हे. में लगाए केले

पिछले तीन दिनों में हुई तेज बारिश से किसानों के केले व पपीते की फसल ज्यादा तबाह हो गई है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला उद्यानिकी विभाग ने सर्वे करवाया। इस सर्वे में धमधा ब्लॉक में सबसे ज्यादा फसल को क्षति पहुंची है। यहां के 38 किसानों के 121 हेक्टेयर क्षेत्रफल में लगे केले व पपीते की फसल बर्बादी के चपेट में हैं। ज्यादातर किसानों की फसल को 50 से 80 फीसदी क्षति पहुंची है। जिला उद्यानिकी उप संचालक सुरेश ठाकुर ने बताया कि जिन किसानों का बीमा है उन्हे इसका लाभ मिलेगा लेकिन जिन किसानों का बीमा नहीं है और फसल 33 फीसदी से ज्यादा बर्बाद हुई है तो उन्हे आरबीसी6-4 के तहत क्षतिपूर्ति दी जाएगी।

**सौगात : आखिरकार आईआईटी की तरह भिलाई को मिला उसका हक**

# बर्नपुर की जगह यूनिवर्सल रेल मिल बीएसपी में लगेगी

**छह हजार नौ सौ करोड़ की लागत के मेगा प्रोजेक्ट को**

विमल शंकर झा ▶▶ भिलाई

आखिरकार आईआईटी की तरह बहुप्रतीक्षित नई रेल मिल मेगा प्रोजेक्ट को लेकर भिलाई को अपना हक मिल गया है। अब भिलाई इस्पात संयंत्र के एक्सपांशन -2 के तहत प्रस्तावित अत्याधुनिक नई यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल भिलाई में ही बनेगी। इसके लिए सेल बोर्ड दिल्ली ने हरी झंडी दे दी है। 6 हजार 9 सौ करोड़ की लागत से निर्माण होने वाली इस मिल को भिलाई में बनाने के प्रस्ताव को स्टेज एक अनुमोदन मिल गया । मिल की क्षमता 12 लाख टन प्रतिवर्ष होगी । इसमें 9 लाख टन रेल और 3 लाख टन स्ट्रक्चरल है । यह मिल 4 साल में बनकर तैयार होगी। इस मिल निर्माण यूनिवर्सल रेल मिल के बगल में स्थित सीएमओ वेयरहाउस के स्थान पर किया जाएगा । यह देश की पहली ऐसी मिल होगी, जिसमें हीट ट्रीटमेंट के साथ रेल का निर्माण किया जाएगा। इसमें निर्मित रेल की क्षमता सामान्य रेल से कई गुना ज्यादा है। खास यह है कि हरिभूमि ने अपने 13 अप्रैल के अंक में बीएसपी से मेगा प्रोजेक्ट छिना शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। 3 साल पूर्व यहां लगने वाली उच्च क्षमता वाली नई रेल मिल को इस्को बर्नपुर में शिफ्ट किया जा चुका था और निर्माण की तैयारी भी शुरु हो गई थी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे



बीएसपी एक्सपांशन प्रोजेक्ट का फंड इस्को में सेल कर रहा निवेश

**बीएसपी से मेगा प्रोजेक्ट छिना, अब इस्को बर्नपुर में बनेगा मेगा यूनिवर्सल रेल मिल**

ने बीएसपी के सामने आर - 350 एचटी (हिट ट्रीटेड) रेल की मांग रखा था । इसका निर्माण करना वर्तमान रेल मिल में संभव नहीं है। वर्तमान में रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल में आर 260 60 ई-1 रेल बनाया जा रहा है।बीएसपी को हर वर्ष भारतीय रेलवे से 13.5 लाख टन रेल का आर्डर मिलता है, जिसकी आपूर्ति बीएसपी द्वारा की जाती है । रेलवे ने 2032 तक आर-350 एचटी रेल के ऑर्डर को क्रमशः बढ़ाते हुए 13.5 टन करने तथा मौजूदा समय में आपूर्ति किए जा रहे आर 260 60ई-1 रेल के आर्डर को क्रमशः घटते हुए 50 हजार टन करने का निर्णय लिया है इसीलिए आर-350 एचटी रेल बनाने के लिए नए यूनिवर्सल रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल की आवश्यकता है। उच्च स्तरीय आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक 29 अप्रेल को दिल्ली में 29 अप्रेल को हुई सेल बोर्ड की अहम बैठक में नई रेल मिल बीएसपी में ही निर्माण करने के प्रस्ताव को स्टेज -1 के मंजूरी दे दी है। इसके दूसरे दिन सेल चेयरमेन ने भी सेल सेमीनार में इस मिल को बीएसपी में ही लगाने का ऐलान किया।



### आर 350 एचटी रेल से मालगाड़ी की बढ़ेगी स्पीड

नई अत्याधुनिक रेल में उत्पादित एचची रेल से रेलवे के के साथ बीएसपी को भी लाभ होगा। आर-350 एचटी रेल की क्षमता हर मायने में वर्तमान समय में आपूर्ति किए जा रहे आर-260 60 ई-1 रेल से बहुत ज्यादा है। बीएसपी से जुड़े आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक आर-350 एचटी रेल पर ज्यादा वजन वाले मालगाड़ी चलाया जा सकेगा । वहीं गाड़ी की रफ्तार भी बढ़ेगी। वर्तमान में मालगाड़ी 50 किलोमीटर प्रति घंटा और यात्री गाड़ी 120 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से चलती है वहीं R350 एचयी रेल पर मालगाड़ी 100 किलोमीटर प्रति घंटा और यात्री गाड़ी 160 किलोमीटर प्रति घंटा के रफ्तार से चलेगी। इसमें भारतीय रेलवे, यात्रियों, मालगाड़ी द्वारा समान, पहुंचने वाले लोगों और कंपनियां तथा बीएसपी को फायदा होगा।

### पुरानी यूआरएम में नहीं बना सकते आर 350 एचटी रेल

बीएसपी की पुरानी यूनिवर्सल रेल मिल में आर 260 60 ई-1 रेल बनाने की क्षमता 12 लाख टन है । इस मिल में आर 350 एचटी रेल बनाने की सुविधा भी उपलब्ध है यदि साल भर आर350 एचटी रेल बनाया जाए तो केवल चार लाख टन रेल ही उत्पादन किया जा सकेगा । इसकी वजह इस रेल को बनाने के लिए हीट ट्रीटमेंट करना पड़ता है जिसमें ज्यादा समय लगता है इस यूनिवर्सल रेल मिल में तेजी से हीट ट्रीटमेंट करने की सुविधा नहीं है जो नए यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में होगा। रूस की सहायता से निर्मित पुराने रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल ने रेल निर्माण के जगत में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं लेकिनइस मिल में हीट ट्रीटमेंट रेल बनाने की सुविधा नहीं है। इसीलिए भारतीय रेलवे द्वारा मांगे गए **R**350 **HT** रेल पुरानी रेल मिल में बनाना संभव नहीं है।

### मुनाफे के साथ टल जाएगा निजीकरण का खतरा

नए यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मेल में हीट ट्रीटेड रेल के अलावा 400 से 1 हजार एमएम का एच बीम बनेगा। साथ ही थिक वेब एसिमिट्रिक रेल और क्रेन रेल भी बनेगा। नए मिल के साथ एक रेल वेल्डिंग प्लांट भी आएगा, जहां पर 130 मीटर के दो रेल को वेल्डिंग कर 260 मीटर का रेल बनाया जाएगा इसका भारतीय रेलवे में बड़ी मांग है। नई यूनिवर्सल रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल में निर्माण होने वाले रेल की कीमत सामान्य रेल से 30% से 40% ज्यादा होगी और इस मिल से बीएसपी की उत्पादनक्षमता बढ़ जाएगी और बीएसपी का निजीकरण का खतरा भी टल जाएगा।

# ट्रैफिक पुलिस का ऑपरेशन सुरक्षा से बचेगी जान

**सड़क पर अवैध कब्जों को भी हटाया**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ऑपरेशन सुरक्षा से सड़क हादसा रुकेगा और कई लोगों की इससे जान बच सकती है। सुरक्षा अभियानन के तहत ट्रैफिक द्वारा चार

■ तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई

बिंजुओं पर काम किया जा रहा है। इसे लेकर अलग-अलग बैठक लेकर दिए गए सुधार पर कार्य किए जा रहें है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर सड़क चौक,चौराहे की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना,वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जगरूक, सड़कों को अतक्रिमण अवैध कब्जा से मुक्त, सड़क हादसों में होने वाली मौत के कारण, लापरवाह वाहन चालकों पर कार्रवाई करना है। इस दौरान 2 मई सें दुर्ग इंदिरा मार्केट में सड़क सें अवैध निर्माण हटाने नगर निगम दुर्ग के साथ कार्रवाई जारी है। सेक्टर 10 मार्केट में खड़ी कंडम वाहन मालिकों और रिपेयरिंग कार्य करने वाले गैरज संचालक को वाहन ना खड़ा करने की समझाइश दी गई। नेशनल हाईवे में खड़ी वाहनों पर नो पार्किंग कार्रवाई, अप्रैल माह में सड़क में सुधार कार्य करने , सड़क हादसों को रोकने के लिए विभिन्न बैठक जिला स्तर पर आयोजित किए गए थे। रोड सेफ्टी सेल भारत सरकार अध्यक्ष, एसएसपी विजय अग्रवाल, जिला दंडाधिकारी द्वारा विभाग की मीटिंग लेकर सड़क को बेहतर करने का निर्देश दिया था। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सड़क के चार प्रमुख बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है।

### मिलेगा जाम से निजात

प्रमुख मार्ग एवं चौक चौराहे का स्थल निरीक्षण आवश्यक सुधार कार्य करवाना, देर रात शराब के नशे में होने वाली सड़क हादसों को रोकने के लिए रात विशेष वाहन चेकिंग, दो पहिया में हेलमेट ना लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट न लगाने सें होने वाली मौतो को रोकना, तेज रफ़्तार, नो पार्किंग, दो पहिया में तीन सवारी लापरवाह वाहन चालकों पर निरंतर कार्रवाई जारी है। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा मार्केट से अवैध निर्माण सड़क से अतक्रिमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। इंदिरा मार्केट में ट्रैफिक जाम की समस्या से जल्द निजात मिलेगी।

## पहलगाम की घटना को लेकर आतंकवादियों का पुतला दहन

**भिलाई।** युवा शक्ति समिति चरोदा द्वारा करण गुप्ता के नेतृत्व में हनुमान मंदिर के पास जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए इस्लामिक आतंकवादियों द्वारा क्रूरता पूर्वक निर्दोष हिंदुओ की हत्या की निंदा किया। इस दौरान युवा शक्ति के द्वारा इस्लामिक आतंकवादियों का पुतला दहन भी किया है। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाये गए। पुतला दहन के बदा सभी ने मिलकर आत्मा की शांति के लिए मौन रखा। पुतला दहन में युवां नेता पुष्पराज सिंह, करण गुप्ता, सागर साहू, धनंजय सिंह, गौरव तांडी, गुड्डु भारती, रोहित केवट, अजय साहू, अंशु ठाकुर, अंशु तिवारी, अनुराग श्रीवास्तव, विक्की महतो, अनुप नायक, हिमांशु वर्मा, घिनिश साहू, वेदांत मिश्रा, एकांत चंद्राकर, देवेश, दिनेश सोना समेत सैकड़ों की संख्या में युवा मौजूद थे।



# टाउनशिप में बिजली की आंख मिचौली जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अंधड़ बारिश से बदले मौसम के चलते शनिवार को तीसरे दिन भी

■ मरोदा सेक्टर में देर रात तक बिजली गुल

टाउनशिप में बिजली की आंख मिचौली का खेल चलते रहे। कई



सेक्टरों में घंटों लाइट बंद होने से लोग उमस से परेशान रहे। रात में मच्छरों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। मड़ौदा सेक्टर में सुबह एक घंटे बिजली गुल रही। इसके बाद शाम करीब 4 बजे से रात दस बजे तक बिजली नहीं आई थी। रहवासियों ने बताया कि तीन दिन से घंटों अंधरे, उमस और मच्छरों की समस्या झेल रहे हैं। सेक्टर 6, सेक्टर 8 और 7 में भी बिजली आती जाती रही। विद्युत अभियांत्रिकी विभाग और उद्यानिकी की टीम आज भी बिजली खंभों पर गिरे पेड़ों की डालियों को हटाने और बिजली बहाली में जुटी रही। सेक्टर 6 के एमजीएम कालोनी क्षेत्र और सेक्टर 6 मार्केट क्षेत्र में आज दोपहर लाइट गुल रही। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शुक्रवार को देर रात तक बिजली नहीं थी। वहीं शुक्रवार को आईजी बंगला में भी घंटों लाइट गुल रही। विद्युत अभियांत्रिकी टीम वहां घंटों फाल्ट ढूंढ़ने के साथ मेंटेनेंस में जुटी रही।

**सीटू ने प्रबंधन से की मरीजों को राहत दिलाने की मांग, मिला आश्वासन**

# जेएलएन अस्पताल के ओपीडी में लिफ्ट नहीं, मरीजों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेक्टर 9 जेएलएन अस्पताल में ओपीडी में लिफ्ट नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें प्रथम तल पर

■ तीन सवारी, शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई

व्हीलचेयर और स्ट्रेचर पर घूमकर जाने मजबूर होना पड़ रहा है। हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखकर जल्द लिफ्ट लगवाने की मांग की है। महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया है।

सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि ओपीडी में लिफ्ट न होने के कारण प्रथम तल में मरीजों को जाने के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सेक्टर 9 अस्पताल के ओपीडी के प्रथम तल में नेत्र चिकित्सा विभाग, नाक कान गला चिकित्सा विभाग, दंत चिकित्सा विभाग, चर्म रोग चिकित्सा विभाग पीडियाट्रिक विभाग और ब्लड सैंपल कलेक्शन सेंटर मौजूद हैं। कई बार मरीज व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर पर आते हैं। ऐसेमरीजों को प्रथम तल में ले जाने के लिए लिफ्ट की आवश्यकता होती है।ओपीडी में लिफ्ट लगाने के लिए सीटू पहले भी मांग कर चुकी है। जब A1 वार्ड के पास का लिफ्ट खराब हो गया था और वहां नया लिफ्ट से रिप्लेस किया जा रहा था तब ओपीडी में भी लिफ्ट लगाने की बात उठी थी लेकिन बाद में उस पर कोई प्रगति नहीं हुई।जब भी व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर से मरीज को ओपीडी के प्रथम तले में इलाज हेतु आना होता है उन्हें A1 वार्ड A3 वार्ड अथवा एच - जीरो वार्ड के पास लगे लिफ्ट से प्रथम तले में लाकर वहां से घूम कर आना पड़ता है। कैजुअल्टी में भी लिफ्ट मौजूद है लेकिन उस लिफ्ट को इमरजेंसी के समय मरीज को कैजुअल्टी से आईसीयू में पहुंचने के लिए रिजर्व रखा गया है। इसीलिए इस लिफ्ट का इस्तेमाल ओपीडी में मरीज को ले जाने के लिए नहीं किया जाता है।



### रैम्प से लाने में होती है दिक्कत

ओपीडी के पास रैम भी बना हुआ है जिससे मरीज को व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर में ओपीडी के प्रथम तले तक ले जाया जा सकता है । लेकिन व्हीलचेयर अथवा स्ट्रेचर पर मरीज को रैम्प से प्रथम तले में ले जाने के लिए कम से कम दो से तीन अटेंडेंट की आवश्यकता पड़ती है। इसीलिए मरीजों को रैम से प्रथम तले में जाना संभव नहीं हो पाता है। इससे गंभीर और बुजुर्ग व महिला मरीजों को अधिक परेशानी होती है। यूनियन ने मांग की कि लिफ्ट लग जाने से मरीजों को राहत मिलेगी। सीटू की टीम ने अस्पताल के महाप्रबंधक प्रशासन शाहिद अहमद से चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि ओपीडी में लिफ्ट लगाने के मामले में प्रारंभिक तैयारियां की जा चुकी है । जल्द ही प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।




हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 4 मई 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

02


113 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**लाइव इवेंट**

## आदि शंकराचार्य की जयंती आज, दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह कार्यक्रम



**भिलाई।** आदि शंकराचार्य की 4 मई को जयंती है। इस अवसर पर दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी जगद्गुरु शंकराचार्य जयंती उत्सव धूमधाम से मनाई जाएगी। 4 मई रविवार को शहीद स्मारक भवन रायपुर में समारोह आयोजन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। रायपुर की महापौर मीनल चौबे कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। विशिष्ट अतिथि महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज दुधाधारी मठ रायपुर, महंत विवेक गिरि महाराज गौरकापा, महंत सच्चिदानंद गिरि उपस्थित रहेंगे। गोस्वामी समाज के प्रांताध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी ने बताया कि जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी के लिये प्रदेश स्तर के पदाधिकारी जुटे हैं। कार्यक्रम के लिए दुर्ग के भक्त सुबह 8 बजे रवाना होंगे। सुबह 10 बजे मंत्रोच्चार के साथ कार्यकर्म शुरू होगा। भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूजा अर्चना के बाद आद्य गुरु शंकराचार्य पर केंद्रित व्याख्यान होगा। समारोह में 2024-25 में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्रों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में सह अध्यक्ष योगेन्द्र पुरी, प्रांतीय महासचिव डॉ. संजय गोस्वामी, संरक्षक लिल्लार पुरी, चित्रसेन गिरि, कुबेर प्रकाश गिरि, कार्यक्रम संयोजक प्रभाकर बन, रायपुर जिला अध्यक्ष वेदपुरी सहित समूचे छत्तीसगढ़ में बसे समाज के बंधु कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**सिटी इवेंट**

## बीएसपी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 15 से



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 15 मई से 5 जून तक स्कूली बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन 5 से , से 14 मई के मध्य किया जायेगा। 22 खेलों का विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के हॉल एवं क्रीड़गनों में प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

शिविर में एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, शतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैंण्डबॉल, हॉकी, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराते, जिम्नास्टिक, खो-खो, नेटबॉल तथा कुश्ती शामिल हैं। खिलाड़ियों को अनुभवी प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा। 22 खेलों का प्रशिक्षण विभिन्न खेल परिसर में होंगे। एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम औरआईटीआई-खुर्सीपार में, बैडमिन्टन शिविर इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस , बॉल बैडमिन्टन शिविर बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर-4 में, बास्केटबॉल प्रशिक्षण बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर-1 तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षण सेक्टर-2 इस्पात क्लब, सेक्टर-8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर-1 इस्पात क्लब और दिव्यांग खेल परिसर में होगा। शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भिलाई विद्यालय, सेक्टर-2 के हॉल में, क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर-1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पंत स्टेडियम, रिसाली ग्राउंड एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैंण्डबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ईएमएमएस, सेक्टर-10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड, सेक्टर -4 में, हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम में, जूडो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर-6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में किया जाना प्रस्तावित है।प्रशिक्षण शिविर से सम्बंधित अधिक जानकारी हेतु क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग केअभिजित भौमिक, डेनिस क्रिस्टी अनिरुद्ध,प्रवीण उपाध्याय प्रोतीन घोष तथा ख्वाजा अहमद से संपर्क कर सकते हैं।

## परमेश्वरी युवा देवांगन समाज के अध्यक्ष चुने गए राकेश देवांगन

**दुर्ग।** परमेश्वरी युवा देवांगन शंकर नगर में हुए इस चुनाव में भारी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए तथा चुनाव प्रक्रिया भाग लिया। इसमें युवा परमेश्वरी देवांगन समाज शंकर नगर में अध्यक्ष रमेश देवांगन, सचिव ललित देवांगन तथा कोषाध्यक्ष चंद्रेश देवांगन निर्वाचित किए गए। इस चुनाव में दुर्ग शहर ब्लॉक देवांगन समाज के अध्यक्ष राकेश देवांगन, सचिव भूषण देवांगन, पवन देवांगन, दुर्ग जिला पूर्व कोषाध्यक्ष मनहरण देवांगन एवं बघेरा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण उपस्थित रहे। चुनावी सहयोगी व मुख्य चुनाव अधिकारी दुष्यंत देवांगन एवं सहायक चुनाव अधिकारी परदेशी राम देवांगन, हरीराम देवांगन, दीपक देवांगन, अशोक देवांगन, रमन देवांगन, सनद देवांगन एवं नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन कृष्णा कुमार देवांगन उपस्थित थे।

**मई और जून महीने में 10 हजार से ज्यादा सैलानी घूमने जाने के मूड में, रेलवे और फ्लाइड की टिकटों की बढ़ी डिमांड**

# गर्मी की छुट्टियों में घूमने जाने वाले सैलानियों का कश्मीर से मोहभंग ट्विनसिटी के सैलानी उत्तराखंड, नार्थ ईस्ट, केरल का कटा रहे टिकट

जम्मू कश्मीर में हुई घटना के बाद ट्विनसिटी के सैलानियों का कश्मीर घूमने जाने का मोहभंग हुआ है। अब वे उत्तराखंड, नार्थ ईस्ट और केरल जाने के लिए टूर प्लान कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंसियों से बातचीत में इसका खुलासा हुआ है। ट्रैवल एजेंसियों की मानें तो अगले 45 दिनों में 10 हजार से टूर पैकेज दुर्ग-भिलाई में बुक हुए हैं। 150 से ज्यादा ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से ये बुकिंग हुई है। इतना ही नहीं ट्रेनों और फ्लाईट के माध्यम से ये बुकिंग की गई है। 300 से ज्यादा ऐसे सैलानी है, जिन्होंने विदेशी टूर प्लान किया है। इसमें दुबई, सिंगापुर, बैंकॉक, थाइलैंड, म्यमार और भूटान जाने वाले भी शामिल हैं। बता दें कि जितनी सैलानी जाने वाले हैं, उनमें से 30 प्रतिशत से ज्यादा कश्मीर जाने वाले थे, जिन्होंने पहलगाम में हुई घटना के बाद अपना टूर पैकज और ट्रेन-फ्लाईट की टिकट कैंसिल कराई है। ऐसे लोगों ने उत्तराखंड का रूख किया है। इधर अक्षय तृतीया के दिन से केदारनाथ के पट खुल गए हैं, इसका खासा असर ट्विनसिटी से जाने वाले सैलानियों में देखा जा रहा है।

**भिलाई।** 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा का आगाज हो चुका है। 2 मई को केदारनाथ के भी पट खुल गए। 4 मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने वाले हैं। उत्तराखंड के चारों धामों के यात्रा मार्ग सोनप्रयाग, पांडुकेश्वर, हिना और बड़कोट में तीर्थ यात्रा के पंजीकरण चेक किए जा रहे हैं। पहले यह जांच नहीं होती थी, लेकिन इस बार शुरुआत की गई है। श्रद्धालुओं के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। हरिद्वार,ऋषिकेश, विकास नगर और हरबर्टपुर में ऑफलाइन पंजीकरण भी किया जा रहे हैं। 28 अप्रैल को पहले दिन से इन स्थानों पर ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। श्रद्धालु के लिए 989784 6203 और 0135-27 14484 हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। दुर्ग-भिलाई से चार धाम की यात्रा में जाने वाले 2 हजार से ज्यादा सैलानी बताई गई है। यूनाइटेड ट्रेवल्स के संचालक रोहिता ताम्रकार ने बताया कि चारधाम यात्रा को लेकर लगातार पूछताछ हो रही है। मई और जून महीने की 15 तारीख तक की बुकिंग आ रही है। पहुंच सारे लोगों ने कश्मीर की अपनी यात्रा कैंसिल कर दी है। उन्होंने उत्तराखंड, नार्थ ईस्ट का रुख किया है। कई सैलानी ऐसे हैं, जो साउथ में केरल जाने का प्लान किया है। विशेष रूप से मुन्नार, थेकड़ी, त्रिवेंद्रम, कोचीन, पद्मनाभस्वामी टैम्पल का प्लान किया है। एक अनुमान के मुताबिक सीजन में यानी अगले डेढ़ महीने में 50 हजार से ज्यादा लोग घूमने जाने वाले हैं।



### अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन कराने वाले हुए कम

अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन कराने वालों की संख्या में भी कमी आई है। बता दें कि इसके लिए श्राइन बोर्ड से अनुमति आवश्यक होती है। दुर्ग में इस बार एक भी बैंक अधिकृत नहीं है। भक्तों को सीधे ऑनलाइन स्लॉट की बुकिंग करानी होगी, या फिर राजनांदगांव और रायपुर में अधिकृत बैंक में जाकर फार्म भरने होंगे। चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के लिए जरूर जिला अस्पताल में इंतजाम किए गए हैं, जहां दो डॉक्टरों को इस काम में लगाया गया है। अस्पताल प्रबंधन की मानें तो कश्मीर में हुए हमले से पहले लोग पूछताछ के लिए पहुंच रहे थे। घटना के बाद से एक भी व्यक्ति पूछने के लिए नहीं पहुंचा है।

### मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी को देखते हुए पहाड़ी क्षेत्रों में सैर-सपाटा

देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषम गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में टूरिस्ट पहाड़ों पर पहुंच रहे हैं। होटलों में एडवांस बुकिंग कर रहे हैं और ठंडे इलाकों की सैर पर आ रहे हैं। हिमांचल प्रदेश के शिमला, मनाली, डलहौजी, धर्मशाला जैसे टूरिस्ट प्लेस में भी लोगों का पहुंचना जारी है। इधर धार्मिक नगरी में भी लोग छुट्टी में पहुंच रहे हैं। द्वारिकाधीश, जगन्नाथ पुरी, बद्रीनाथ, रामेश्वरम, बनारस, कामाख्या मंदिर से लेकर अन्य जगहों पर भी भक्तों का दर्शन के लिए पहुंचना शुरू हो गया है। कुछ लोग छत्तीसगढ़, एमपी और महाराष्ट्र के पहाड़ी क्षेत्रों में भी घूमने का प्लान कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंसी संचालकों की मानें तो पिछले चार-पांच वर्ष से इस बार ज्यादा लोग घूमने जाने के लिए प्लान कर रहे हैं।



## सालों पुरानी परंपरा... विशेष वेशभूषा धरकर नर्तकीयों ने किया नृत्य, सेवा गीत भी गाए

**उतई।** नगर में सालों की प्राचीन परंपरा को निर्वहन करते हुए अक्ती त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया। इसके अलावा पुतरी-पुतरा का विवाह हुआ। नगर के बंजारी मंदिर से अक्ती जंवारा नर्तकी के माध्यम से नाचते हुए प्रज्वलित किए गए जंवारा को नगर के जय बंजारी जस सेवा समिति के सेवकों ने नगर भ्रमण के लिए निकाला। नगर के जस सेवा के सेवकों ने सेवागीत गाते हुए अक्ती जंवारा को नगर भ्रमण करते हुए नगर के प्रमुख चौक में नर्तकियों का विशेष अभिनय को भी प्रदर्शित किया। नगर भ्रमण के बाद नगर के शीतला तालाब में विसर्जित किया गया। इसके बाद रात्रि में बाजे गाजे के साथ बारात स्वागत हुआ। पुतरी-पुतरा का विवाह भी कराया गया। इसमे दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सहित नगरवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। खासकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। तरह तरह से सामग्री को भेंट स्वरूप प्रदान किए गए।



अक्ती जवाराऐतिहासिक होने की वजह से खेल जंवारा को देखने के लिए उतई नगर में मेहमान बड़ी संख्या में आए हुए थे। इसके अलावा आसपास के ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीणों ने बताया कि बंजारी पारा के लोग इस अक्षय तृतीया विवाह कार्यक्रम में शामिल नहीं होते। कार्यक्रम को सफल बनाने में पार्षद खुबीराम साहू, तोषण साहू, संतोष ढीमर, भूषण यादव, उमाशंकर कोसरिया, जनक साहू, धनी राम साहू, रिखी सपहा, संतोष बंभोले, हीरालाल सपहा सहित अन्य मौजूद थे।

## हवन के धुएं से नष्ट होते है विषाणु, सारा धुआं बाहर निकल जाने पर भी 24 घंटे तक वातावरण में बनी रहती है शुद्धता

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस शनिवार को सभी स्थानों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर सभी स्थानों में यज्ञ हवन का आयोजन किया गया। जहां सनातन धर्मावलंबियों द्वारा श्रद्धा के साथ यज्ञ में आहूति दी गई। राजेंद्र पार्क दुर्ग में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस पर सामूहिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में आर्य समाज आर्य नगर, नयापारा आर्य वीर दल, आर्य समाज सेक्टर 6 भिलाई सहित अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से आर्यवीर दल से जुड़े बच्चों ने यज्ञ में आहुति दी। कार्यक्रम के पूर्व चरण में आचार्य अंकित शास्त्री ने वेद मंत्रों का सस्वर पाठ करके यज्ञ कराया। इस दौरान आचार्य डॉ. अजय आर्य ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय यज्ञ दिवस हर साल 3 मई को मनाया जाता है।



**खुर्सीपार में पहली बार एम्स के डॉक्टरों का स्वास्थ्य शिविर, सांसद विजय बघेल भी पहुंचे**

## एम्स आपके द्वार... 30 एक्सपर्ट्स डॉक्टर्स ने देखे 3 हजार से ज्यादा मरीज, शुगर और दिल की बीमारी ज्यादा मिली

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भिलाई में एम्स रायपुर के डॉक्टरों का स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित यह स्वास्थ्य शिविर पूरी तरह से निःशुल्क था। जहां 30 से ज्यादा एक्सपर्ट डॉक्टरों ने सेवाएं दी, 3 हजार से ज्यादा मरीजों को देखा। खास बात यह रही कि सबसे ज्यादा मरीज शुगर और दिल की बीमारी के सामने आए। डॉक्टरों की मानें तो इसकी मुख्य वजह असंयमित दिनचर्या है, जिसके कारण इस प्रकार की बीमारियां ब.रही है। शिविर में जनरल सर्जरी और नेत्र रोग विभाग के मरीज भी बड़ी संख्या में पहुंचे। खुर्सीपार बालाजी नगर स्वामी आत्मानंद स्कूल में आयोजित शिविर में सांसद विजय बघेल भी पहुंचे। उन्होंने मरीजों से मुलाकात की, डॉक्टरों की हौसला अफजाई की। शिविर में सुबह से ही लोग स्वास्थ्य जांच के लिए जुटने लगे थे। दिनभर चले इस शिविर में डायरेक्टर डॉ. अशोक जिंदल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सक्सेना, न्यूरो सर्जन सहित अन्य डॉक्टर्स की टीम मौजूद थी। रूंगटा डेंटल कॉलेज की टीम ने भी दंत चिकित्सा सेवा में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, श्रीराम जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, छत्तीसगढ़ साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू प्रमुख रूप से शामिल हुए।



### जनरल सर्जरी के 512 से ज्यादा मरीज जांच के लिए पहुंचे

स्वाति साहू ने बताया कि जनरल सर्जरी विभाग में 512 मरीज, नेत्र रोग विभाग में 396, हड्डी रोग विभाग में 284, न्यूरोलॉजी में 65, डेंटल विभाग में 310, मेडिसिन विभाग में 372, गायनिक (स्त्री रोग) विभाग में 291, ईएनटी (नाक-कान-गला) में 246, डर्मेटोलॉजी (त्वचा रोग) में 198 और पैथोलॉजी व अन्य विभागों में 180 से अधिक मरीजों की जांच की गई। इस प्रकार कुल 3 हजार से अधिक मरीजों को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श और प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सीएमएसओ डॉ. मनोज दानी भी पहुंचे।

### ऐसे शिविर सामान्य लोगों के लिए काफी फायदेमंदः सांसद

सांसद विजय बघेल ने कहा है कि वर्तमान परिवेश में स्वास्थ्य सुविधाएं, लोगों के लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। अनेक ऐसी बीमारियां हो गई हैं, जिससे परिवार का कोई एक सदस्य भी पीड़ति हो जाता है तो पूरा घर-परिवार तबाह हो जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में छोटे से स्वास्थ्य शिविर भी आम लोगों के लिए काफी लाभकारी होते हैं। एम्स तथा जिला अस्पताल के विभिन्न चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होंने कहा कि जन सेवा, मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले स्वास्थ्य शिविरों को सभी वर्ग के द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाना चाहिए। आज आम लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्या से घिर जाने पर सबसे अधिक कठिन परिस्थितियों से जूझना पड़ता है। इस तरह की नई -नई बीमारियां आ गई है कि किसी भी सदस्य के इससे पीड़ित हो जाने से पूरा परिवार उजड़ जाता है। उन्होंने ऐसे आयोजनों में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।



सिटी इवेंट

## सेलेस्टी की उपलब्धि, बिजनेस प्रोसेस आडिट टीम में बनाई जगह



**भिलाई।** भिलाई सेक्टर-4 निवासी पीएस सेलेस्टी ने मल्टीनेशनल कंपनी में बिजनेस प्रोसेस ऑडिट टीम में अपनी जगह बनाई है। इसके लिए सेलेस्टी सहित देश भर के तीन युवाओं का चयन हुआ। दिल्ली की संस्थान जीआरएमआई में अध्ययन से पूर्व सेलेस्टी ने डीपीएस रिसाली से स्कूली शिक्षा एवं बेंगलुरु के माउंट कर्मल कालेज से बीकाम आनर्स किया। सेलेस्टी के पिता पीआर साजूमन भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टेट कोर्ट में अनुभाग अधिकारी हैं। वहीं माता डाली साजूमन बीएसपी सेक्टर-9 अस्पताल के ओएचएस विभाग में पदस्थ हैं। सेलेस्टी की इस उपलब्धि पर स्वजन सहित भिलाई बिरादरी ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

धर्म लाइव

## धामेश्वरी का 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन जुनवानी में आज से शुरू



**भिलाई।** जगद्गुरुत्तम कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी का भिलाई में 11 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला का आयोजन 4 से 14 मई तक जुनवानी में किया गया है। वेद शास्त्रों के शास्त्रीय ज्ञान से जीव मात्र के आध्यात्मिक कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करने वाले जगद्गुरु कृपालु महाराज भारत ही नहीं बल्कि विश्व के आध्यात्मिक गुरु हैं। जिन्होंने लुप्तप्राय हो चुके भारतीय अध्यात्म के ज्ञान के स्त्रोत वेदों शास्त्रों के गूढ़ज्ञान के वास्तविक स्वरूप को प्रकट किया एवं जनसाधारण के लिए सरलतम रूप में प्रचार कर उपलब्ध कराया। जिस तत्व ज्ञान को प्राप्त कर मानव देह प्राप्त जीव भगवद् प्राप्ति के लक्ष्य की ओर अग्रसर हो सके और लक्ष्य प्राप्त कर सके। संत शिरोमणि कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी का आगमन भिलाई में होने जा रहा है। भिलाई शहर में देवी के प्रवचन का आयोजन 4 मई से 14 मई तक लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण, अनुष्ठा रेसीडेंसी, जुनवानी खम्हारिया रोड नियर स्मृति नगर, भिलाई में शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक रखा गया है। प्रवचन श्रृंखला में मनुष्य देह देव दुर्लभ, जीव का चरम लक्ष्य भगवद्प्राप्ति, भगवद् प्राप्ति के लिए भगवद् कृपा आवश्यक, मन बुद्धि की शरणागति से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव, वास्तविक गुरु की शरणागति से ही भगवद् प्राप्ति संभव, संसार का स्वरूप आदि विषयों पर वेद, शास्त्रों, गीता, भागवत,रामायण आदि धर्म ग्रंथो के आधार पर ज्ञान का लाभ नगर वासियों को प्राप्त होगा। सत्संग का लाभ लेने आस-पास सहित अन्य क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे है।

लाइव इवेंट

## भरतनाट्यम अभा नृत्य स्पर्धा 2025 में आद्या को मिला प्रथम पुरस्कार



**भिलाई।** भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम में अखिल भारतीय नृत्य प्रतियोगिता अंतरंग उत्सव 2025 का आयोजन मुंबई मे किया गया था। जिसमें भिलाई की 15 वर्षीय आद्या पांडे ने भारतीय नृत्य प्रतियोगिता अंतरंग उत्सव 2025 में वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता अखिल भारतीय नर्तक संघ अदा द्वारा संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा समर्थित अभिभाव कला अकादमी के सहयोग से आयोजित की गई थी। जिसमें पूरे देश से विभिन्न कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी। पिछले दिनों मुंबई में आयोजित भारत रत्न लता मंगेशकर नाट्य के आयोजन में आद्या पांडे ने अपने आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये उनका 24वां अखिल भारतीय स्तर का पुरस्कार है, साथ ही एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार और सांस्कृतिक संसाधन और प्रशिक्षण केंद्र, भारत सरकार द्वारा छात्रवृत्ति जैसी उपलब्धि हासिल है। आद्या नृत्य मंजरी, नृत्य प्रतिभा, नृत्य श्रेष्ठ और नृत्य भारत सम्मान-2025 से भी सम्मानित हो चुकी हैं ।

सिटी इवेंट

## महिलाओं और दिव्यांगों को आज दी जाएगी सिलाई मशीन व व्हीलचेयर




**भिलाई।** बेटी बचाओ मंच के तत्वावधान में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उन्हें सिलाई मशीन, व्हील चेयर सहित कई जरुरत के सामान को कमला मोटर्स, गंजपारा दुर्ग में आज सुबह 11 बजे वितरित किया जायेगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। बेटी बचाओं मंच की जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल और संरक्षक कैलाश जैन बरमेचा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही परिवार चलाने के लिए आर्थिक जरुरतों को पूरा करने के लिए सिलाई मशीन और दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर प्रदान किया जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंच दवरा समय समय पर महिलाओं व बच्चियों के उत्थान के लिए अनेक सेवा कार्य किये जाते है। इस दौरान जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनों के साथ ही दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर भी भेंट दी जायेगी। कैलाश जैन ने कहा की हमारा यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा, जिससे और अधिक जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें उपलब्ध कराई जा सकें।

● उमरपोटी में आयोजित आध्यात्मिक प्रवचन का 11वां दिन, 5 मई तक आयोजित होना है सत्संग

# आध्यात्मिक प्रवचन: ईश्वर प्राप्ति के तीन मार्ग कर्म, ज्ञान व भक्ति योग, इसके पालन के 6-6 अमूल्य नियम, इससे जाना आवश्यक

भिलाई। ग्राम उमरपोटी में 22 अप्रैल से आध्यात्मिक प्रवचन का क्रम जारी है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त प्रवचन सुनने के लिए पहुंच रहे हैं।शनिवार को प्रवचन का 11वां दिन था। जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी इन दिनों भिलाई में है। उनके द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8 बजे के मध्य विलक्षण धारा प्रवाह प्रवचन की गंगा बहाई जा रही है, जिसे सुनने के लिए शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त जुट रहे हैं। शनिवार को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रवचन के 11वें दिन उन्होंने कहा कि ईश्वर की प्राप्ति के तीन ही मार्ग हैं। कर्मयोग, ज्ञानयोग एवं भक्तियोग। इसमें प्रथम कर्म योग का विस्तार करते हुए और वेद, गीता, भागवत, रामायण के प्रमाण देते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर जहां शास्त्र, वेद कर्म धर्म के पालन का आदेश देते हैं, वहीं दूसरी ओर कर्म, धर्म की घोर निन्दा भी करते हैं। इस विरोधाभाष का समन्वय करते हुए उन्होंने कहा कि कर्म चार प्रकार के होते हैं। पहला नित्य कर्म अर्थात प्रतिदिन किया जाने वाला कर्म जैसे संध्या आदि। दूसरा नेमित्तिक कर्म अर्थात जन्म, मृत्यु, सूर्यग्रहण, चंद्रग्रहण आदि के समय किया जाने वाला कर्म, तीसरा काम्यकर्म अर्थात संसारी कामनाओं की पूर्ति के लिए किया जाने वाला कर्म अर्थात कोई पाप हो जाने पर उसकी निवृत्त के लिए किया जाने वाला कर्म, चातुर्मास व्रत, यज्ञ, पूजा पाठ आदि।





### वेदों का शत प्रतिशत पालन करने से ही होगी ईश्वर की प्राप्ति

श्रीश्वरी देवी ने कहा कि प्रत्येक कर्म, धर्म के पालन में छः-छः नियम है। जिनका वेदों के अनुसार शत प्रतिशत पालन आवश्यक है। अर्थात देश, काल, पदार्थ, कर्ता, मंत्र, कर्म इन छः शर्तों का सही पालन होना चाहिए। जो कि इस कलयुग में संभव नहीं है। वेद मंत्रों में स्वर लगे होते होते हैं, जिनका सही-सही उच्चारण होना चाहिए। अन्यथा वो यजमान का ही नाश कर देते हैं। वेदों में कथा आती है की वृत्तासुर नामक राक्षस ने विजय प्राप्त करने के लिए यज्ञ करवाया किंतु वैदिक स्वर में त्रुटि हो जाने से वो राक्षस ही मारा गया। यदि ये कर्म सही-सही किये जाते हैं, तब इसका फल है स्वर्ग जोकि माया का ही एक लोग हैं और यदि त्रुटि हो जाएगी तो उसका फल है नरक अतएव कर्म, धर्म के द्वारा माया निवृत्ति असंभव है।

### मन से निरंतर हरि-गुरु का चिंतन आवश्यक

प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों ने कर्मयोग का आदेश किया है। अर्थात मन से निरंतर हरि -गुरु का चिंतन एवं शरीर से कर्म का पालन। इसका परिणाम है माया निवृत्ति एवं ईश्वर प्राप्ति। कृपालु महाराज अपने भक्ति शतक नाम ग्रंथ में कर्मयोग की परिभाषा में कहते हैं कि मन हरि में तन जगत में कर्म योग यही जान, तन हरि में मन जगत में ये महान अज्ञान। इस बात से स्पष्ट है कि ईश्वर प्राप्ति के लिए वेदों का अपना बड़ा विशेष महत्व है।

**आज और कल प्रवचन दो ही दिन शेष**

प्रवचन का समापन 5 मई को होना है। इसके साथ हवन-पूजन और पूर्णाहुति होगी। आयोजकों द्वारा 22 अप्रैल से आध्यात्मिक प्रवचन की शुरुआत की गई। इसमें प्रतिदिन भजन-संध्या और आरती का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रवचन में रिसाली, मरोदा, पुरई, हनोदा, धनोरा, खमरिया, कोड़िया से लेकर आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। 5 मई को प्रवचन स्थल पर विशेष आयोजन की तैयारी की गई है। साथ ही प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

113 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

## जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप की हुई शुरुआत



**भिलाई।** जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप की शुरुआत शनिवार से की गई। यह स्पर्धा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल में 3 और 4 मई को आयोजित की गई है। इस चैंपियनशिप में जिले के कुल 113 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। चैंपियनशिप में चयनित होने वाले दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन राज्य चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। जो 15 मई से 19 मई तक एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा में आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल के सहयोग से आयोजित जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्य निधि शर्मा एवं समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा द्वारा आज किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी सुधीर अग्रवाल एवं अंतराष्ट्रीय साहित्यकार डॉ रौनक जमाल, अंतराष्ट्रीय आर्बिटर अलंकार भिवगड़े द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने शतरंज की चाल चलकर चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि निधि शर्मा ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने की अपील करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा ने शतरंज को एकाग्रता एवं बौद्धिक विकास का खेल बताते हुए आयोजन के लिए जिला शतरंज संघ दुर्ग की सराहना की। विशेष अतिथि डॉ रौनक जमाल एवं समाजसेवी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन से प्रतिभा उभरकर सामने आती है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने स्वागत भाषण देते हुए आयोजन के संबंध में जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव तुलसी सोनी, रॉकी देवांगन, शेख लतीफ, अनिल शर्मा, दिनेश जैन, एस के भगत, चंदन विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, जयंता दास सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन दिनेश जैन ने किया।

**शतरंज एकाग्रता व बौद्धिक विकास बढ़ाने में सहायक: कैलाश जैन बरमेचा**

छात्रों ने मॉक पार्लियामेंट का किया आयोजन

## जीवन में समय का सम्मान करे तो होंगे सफल बेस्ट प्रेजेंटेशन के लिए स्टूडेंट्स हुए सम्मानित



**भिलाई।** सेंट थॉमस महाविद्यालय के प्रबंधन विभाग की समिति आरकन्स काउंसिल द्वारा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन ने कहा कि प्रबंधन विभाग की विशेषता इनकी एक्टिविटी क्लास है जिसमें छात्र विशेष रूप से प्रबंधन की बारीकियां सीखते हैं। प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ पी एस वर्गीस ने कहा कि समय का प्रबंधन सबसे ज़रूरी है जो छात्र समय का सम्मान करते हैं वो जीवन में सदा सफल होते हैं। महाविद्यालय की अधिष्ठाता अकादमिक डॉ. देबजानी मुख़र्जी ने कहा कि समय प्रबंधन के साथ साथ विद्यार्थी यदि स्वयं को भी व्यवस्थित करेंगे तो जीवन में सदा सफल रहेंगे। प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सूसन आर अब्राहम ने कहा कि हमारे छात्र पढ़ाई के साथ उद्योग जगत में भी अपनी योग्यता सिद्ध कर रहें हैं। कार्यक्रम के दौरान पुररस्कार वितरण के साथ एक्टिविटी क्लास, समूह परिचर्चा, बेस्ट प्रेसेंटेशन, समाज सेवा कार्य, औद्योगिक भ्रमण एवं अन्य प्रतियोगिताओं के प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए। छात्रों द्वारा इस अवसर पर मॉक पार्लियामेंट का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक महेंद्र इखार, डॉ निम्मी वर्गीस, डॉ सुनीता क्षत्रिय, डॉ रिंसी अब्राहम सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**प्रबंधन विभाग में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित**



केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के स्टूडेंट्स की 'एजुकेशनल ट्रिप'

# एजुकेशनल ट्रिप में बच्चे पहुंचे आईआईटी कैंपस, लैब में लिया इक्विपमेंट्स का प्रैक्टिकल नॉलेज, हुए रोमांचित

कार्नर न्यूज

भिलाई। केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स के साइंस ग्रुप के स्टूडेंट्स ने आईआईटी भिलाई का एजुकेशनल ट्रिप किया। 10वीं व 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए यह ट्रिप शानदार और यादगार रहा। आईआईटी भिलाई का भव्य कैम्पस, क्लासरूम, लैब, ऑडिटोरियम देखकर स्टूडेंट्स रोमांचित हो उठे। विभिन्न लैब का भ्रमण और वहां के इक्विपमेंट देख स्टूडेंट्स काफी प्रभावित हुए। आईआईटी भिलाई के प्रोफेसर्स ने उन्हें टेक्निकल जानकारी दी, जिससे स्टूडेंट्स काफी प्रभावित हुए।सीबीएसई की डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर और केएच मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल विभा झा द्वारा आयोजित इस एजुकेशनल ट्रिप में स्कूल की टीचर्स वंदना साहू, स्नेहा साहू, बुशरा अंसारी और सुरेश विश्वकर्मा के साथ स्टूडेंट्स आईआईटी भिलाई पहुंचे थे।



### स्टूडेंट्स ने पढ़ाई के साथ मैनेजमेंट का भी लिया नॉलेज

आईआईटी भिलाई के हेड ऑफ डिपार्टमेंट, फिजिक्स विभाग डॉ. महावीर शर्मा ने सभी स्टूडेंट्स को विभिन्न लैब में ले जाकर इक्विपमेंट्स का प्रैक्टिकल नॉलेज दिया। स्टूडेंट्स ने एक्टिव माइक्रो एंड नैनो सिस्टम लैब, फोटो टाइपिंग लैब, बी.टेक लैब और लेजर फोटो लैब का भ्रमण किया तथा विभिन्न इक्विपमेंट की जानकारी ली। प्रोफेसरों ने आईआईटी भिलाई में होने वाली पढ़ाई के साथ-साथ मैनेजमेंट द्वारा किए जा रहे अन्य कार्यों को भी विस्तार से बताया। इस एजुकेशनल ट्रिप के बाद स्टूडेंट्स काफी खुश हुए। कार्यक्रम के अंत में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश को शिक्षिका वंदना साहू ने केएच ग्रुप ऑफ स्कूल्स की तरफ से मोमेंटो प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने भविष्य में भी स्टूडेंट्स इस तरह एजुकेशनल टूर पर आईआईटी भिलाई आने की बातें कहते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

### अनुभव किए साझा

ट्रिप के बाद स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल विभा झा से स्टूडेंट में अपने अनुभव साझा किये। विभा झा ने कहा कि यह एजुकेशन ट्रिप बच्चों के लिए काफी रोचक रहा। स्टूडेंट्स ने इस ट्रिप से बहुत कुछ सीखा और यह उनके लिए एक यादगार अनुभव रहा। उन्होंने आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश एवं अन्य प्रोफेसर्स का आभार जताया कि उनके स्कूल को यह अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि हम अपने स्कूल के स्टूडेंट्स को भविष्य में भी ऐसे अवसर प्रदान करते रहेंगे।



हेल्थ टिप्स

## ऊर्जा बढ़ाने रोजाना खुद बनाकर खाएं ये नट्स एनर्जी बार



दोपहर के समय कई लोगों को नींद आने लगती है और इससे काम की उत्पादकता पर असर पड़ता है। इससे बचने के लिए लोग कई तरीके आजमाते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो अपनी दोपहर की झपकी को और ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए अपने पास नट्स एनर्जी बार रखें। ये बार आपको ऊर्जा देंगे और आपको ताजगी महसूस करवाएंगे। आइए आज इन बार की रेसिपी जानते हैं, जिन्हें घर पर बनाना आसान है। सबसे पहले एक मिक्सर में बादाम, खजूर, सूखे खुबानी और काजू डालकर अच्छी तरह से पीस लें। अब इस मिश्रण को एक टिन में डालकर फैलाएं और फिर ठंडा करने के लिए रखें। जब मिश्रण जम जाए तो इसे बार के आकार में काटें और इसका सेवन करें। इन बार को बनाने के लिए सूखे मेवे और खुबानी का इस्तेमाल किया गया है, जो फाइबर, प्रोटीन और सेहतमंद फैट्स से भरपूर होते हैं। इसके लिए पहले एक पैन में थोड़े-से अखरोट और किशमिश भूनें। अब एक मिक्सर में अखरोट, किशमिश, पिसी हुई सूखी खुबानी, बादाम का मक्खन और शहद डालकर अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद इस मिश्रण को एक टिन में डालकर फैलाएं और फिर इसे ठंडा करें। जब मिश्रण जम जाए तो इसे बार के आकार में काट लें। इन बार को बनाने के लिए अखरोट और किशमिश का इस्तेमाल किया गया है, जो फाइबर से भरपूर होते हैं। सबसे पहले एक पैन में थोड़ा कदूकस किया हुआ सूखा नारियल भूनें, फिर इसे एक प्लेट में निकालें। अब एक मिक्सर में काजू, सूखे अंजीर, सूखे खुबानी और कदूकस किया हुआ सूखा नारियल डालकर अच्छी तरह से पीस लें। इसके बाद इस मिश्रण को एक टिन में डालकर फैलाएं और फिर इसे ठंडा करें। जब मिश्रण जम जाए तो इसे बार के आकार में काट लें। सूखे मेवों के फायदे भी अनेक हैं।

बादाम और काजू के एनर्जी बार

सबसे पहले एक मिक्सर में बादाम, काजू, किशमिश और सूखे खुबानी डालकर अच्छी तरह से पीस लें। अब एक पैन में थोड़ा नारियल का तेल गर्म करके उसमें कदूकस किया हुआ सूखा नारियल और चीनी मिलाएं। इसके बाद इसमें पीसा हुआ सूखे मेवों वाला मिश्रण डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक टिन में डालकर फैलाएं और फिर इसे ठंडा करें। जब मिश्रण जम जाए तो इसे बार के आकार में काट लें। सबसे पहले एक मिक्सर में अखरोट, सूखे अंजीर, सूखे खुबानी और किशमिश डालकर अच्छी तरह से पीस लें।

## सुबह खाली पेट जीरे वाला नींबू पानी पीने के फायदे




सुबह उठकर खाली पेट एक गिलास जीरे नींबू पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह न केवल शरीर को ताजगी देता है, बल्कि कई स्वास्थ्य लाभ भी प्रदान करता है। जीरे नींबू पानी में मौजूद पोषक तत्व शरीर को ऊर्जा देते हैं और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं। इसके नियमित सेवन से पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। आइए जानते हैं कि सुबह खाली पेट जीरे नींबू पानी पीने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं। जीरे नींबू पानी पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद है। जीरे में मौजूद रेशे और नींबू में मौजूद खट्टा तत्व पाचन को सुधारने में मदद करते हैं। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास जीरे नींबू पानी पीने से पेट साफ रहता है और कब्ज, गैस जैसी समस्याओं से राहत मिलती है। यह मिश्रण खाने के पाचन को भी बेहतर बनाता है, जिससे अपच और अन्य पाचन संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करने में भी जीरे नींबू पानी अहम भूमिका निभा सकता है। नींबू में विटामिन-C होता है, जो शरीर की सुरक्षा को बढ़ावा देने में मदद करता है। इसके अलावा जीरे में मौजूद गुण भी शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूत करते हैं। नियमित रूप से सुबह खाली पेट जीरे नींबू पानी पीने से शरीर की सफाई होती है और वह बाहरी संक्रमणों से बेहतर तरीके से लड़ सकता है। अगर आप वजन घटाने की कोशिश कर रहे हैं तो सुबह खाली पेट जीरे नींबू पानी पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। जीरे नींबू पानी मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जिससे शरीर कैलोरी को तेजी से जलाता है। इसके अलावा यह मिश्रण भूख को नियंत्रित करने में भी मदद करता है, जिससे आप अनहेल्दी स्नैकिंग से बच सकते हैं।

छोटे-छोटे लक्षणों को समय पर पहचानकर आप किसी गंभीर बीमारी से पहले ही सतर्क हो सकते हैं

# काले होंठ या पीले होंठ? ये लक्षण हो सकते हैं बड़ी बीमारी के संकेत

हमारा शरीर किसी भी बीमारी से पहले उसके लक्षण दिखाना शुरू कर देता है, लेकिन अक्सर हम उन संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं। उन्हीं में से एक है होंठों का रंग बदलना। आमतौर पर बचपन में होंठ गुलाबी और चमकदार नजर आते हैं, जो शरीर के अच्छे स्वास्थ्य की निशानी माने जाते हैं। लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, खानपान, आदतें और जीवनशैली बदलती है, वैसे-वैसे होंठों का रंग भी धीरे-धीरे बदलने लगता है। ये बदलाव सिर्फ बाहरी नहीं होता, बल्कि शरीर के अंदर चल रही किसी गड़बड़ी की तरफ भी इशारा कर सकता है।

होंठों का रंग लाल, पीला, सफेद, काला या जामुनी होना किसी विशेष स्वास्थ्य स्थिति का संकेत हो सकता है। ऐसे में इन छोटे-छोटे लक्षणों को समय पर पहचानकर आप किसी गंभीर बीमारी से पहले ही सतर्क हो सकते हैं। आइए जानें होंठों के रंग और सेहत का आपस में क्या संबंध है।



### होंठ हो जाएं गहरे लाल

यदि आपके होंठ सामान्य गुलाबी रंग से हटकर गहरे लाल दिखाई देने लगे हैं, तो ये लिवर से जुड़ी किसी समस्या का संकेत हो सकता है। लिवर की कार्यक्षमता कम होने पर शरीर में गर्मी बढ़ जाती है और इसका असर होठों पर दिखता है। इसके अलावा, एलर्जी या किसी प्रकार के इन्फेक्शन की वजह से भी होंठ ज्यादा लाल नजर आ सकते हैं।

### जब होंठ दिखें पीले या सफेद

होंठों का रंग अगर पीला या सफेद हो जाए, तो ये शरीर में खून की कमी (एनीमिया) की तरफ इशारा करता है। खासकर जब हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो जाता है, तब होंठों की प्राकृतिक गुलाबी चमक फीकी पड़ जाती है। वहीं, लिवर से जुड़ी एक और स्थिति – जब बिलिरुबिन का स्तर बढ़ता है – तब होंठों का रंग पीला दिखने लगता है। वायरल बुखार या पीलिया जैसी स्थितियों में भी यह बदलाव दिखता है।

### होंठ अगर हो जाएं काले



काले होंठ आमतौर पर आपकी आदतों और बाहरी चीजों के कारण होते हैं। सिगरेट या तंबाकू का सेवन करने वालों के होंठ अक्सर काले हो जाते हैं। वहीं, खराब क्वालिटी के ब्यूटी प्रोडक्ट्स या धूप में जरूरत से ज्यादा समय बिताने की वजह से भी होंठों का रंग बदल सकता है। अगर आप होठों की ठीक से देखभाल नहीं करते, तो इसका नतीजा भी रंग बदलने के रूप में सामने आता है।

### जामुनी होंठ

होंठों का जामुनी हो जाना कभी-कभी ठंड की वजह से हो सकता है, लेकिन अगर ये रंग लंबे समय तक बना रहता है तो ये हृदय या फेफड़ों से जुड़ी



किसी गंभीर समस्या का संकेत हो सकता है। ऑक्सीजन की कमी या खराब ब्लड सर्कुलेशन के कारण भी होंठों में जामुनीपन आ जाता है। इसके अलावा, पाचन तंत्र की खराबी भी इस रंग का कारण बन सकती है।



## इन खाद्य पदार्थों को कभी फ्रिज में न रखें, हो सकते हैं नुकसानदायक

फ्रिज का इस्तेमाल कई लोग इसलिए करते हैं ताकि उनमें रखे खान-पान की चीजें लंबे समय तक ठीक रहें, लेकिन कई चीजें ऐसी होती हैं, जिनको फ्रिज में रखने से उनमें खराबी आ जाती है और उनका स्वाद भी बिगड़ जाता है। इसके अलावा कुछ चीजें फ्रिज में रखने से उनके पोषक तत्व भी खत्म हो जाते हैं। आइए आज हम आपको ऐसी चीजों के बारे में बताते हैं, जिन्हें फ्रिज में नहीं रखना चाहिए।

**टमाटर:** कच्चे टमाटर को फ्रिज में बिल्कुल भी नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे उनकी ताजगी और स्वाद दोनों ही खराब हो जाते हैं। दरअसल, जब टमाटर को फ्रिज में रखा जाता है तो उसकी बाहरी परत पर मौजूद बैक्टीरिया मर जाते हैं, लेकिन टमाटर के अंदर के बैक्टीरिया जिंदा रहते हैं और वे टमाटर को खराब कर देते हैं। इसके अलावा कच्चे टमाटर को फ्रिज में रखने से उनमें कड़वापन भी आ जाता है।

**प्याज:** प्याज को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए क्योंकि फ्रिज में रखने से वे जल्दी खराब हो जाते हैं। इसके अलावा फ्रिज में रखे प्याज से फ्रिज के अन्य खाने-पीने की चीजों का स्वाद भी प्रभावित हो सकता है। हालांकि, अगर आप लंबे समय तक प्याज को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उसे किसी सूती कपड़े में लपेटकर किसी ठंडी जगह पर रख दें। प्याज का सही तरीके से भंडारण करने से उसकी ताजगी बनी रहती है।

**हरी मिर्च:** हरी मिर्च को भी फ्रिज में नहीं रखना चाहिए। हरी मिर्च को फ्रिज में रखने से उनमें कड़वापन आ जाता है और वे खराब हो जाती हैं। इसलिए इन्हें किसी ठंडी जगह पर रखें। हालांकि, अगर आप हरी मिर्च को लंबे समय तक सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उन्हें धोकर सुखा लें, फिर उन्हें किसी एयर टाइट कंटेनर में रखकर फ्रिज के सब्जी वाले हिस्से में रखें। इससे उनकी ताजगी बनी रहती है।

**जैतून का तेल:** कई लोग जैतून के तेल को भी फ्रिज में रख देते हैं, लेकिन ऐसा करने से यह खराब हो सकता है। जैतून के तेल को फ्रिज में रखने से उसमें मौजूद पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं और इसके स्वाद में भी बदलाव आ जाता है। जैतून के तेल को हमेशा किसी ठंडी और अंधेरी जगह पर रखें। इससे उसका स्वाद और गुणवत्ता बनी रहती है।

**कॉफी पाउडर:** कॉफी पाउडर को फ्रिज में रखने से उसमें नमी हो जाती है, जिससे वह खराब हो सकता है। अगर आप कॉफी के शौकीन हैं और आपको इसका स्वाद पसंद है तो इसे फ्रिज में रखने की गलती न करें। कॉफी पाउडर को किसी सूती कपड़े में लपेटकर किसी सूखी जगह पर रखें। इससे उसकी ताजगी और खुशबू बनी रहती है।



## प्रकृति की सुंदरता को दर्शाने वाली सबसे खूबसूरत पेंटिंग

कोई भी बच्चा जब पेंटिंग करने की शुरुआत करता है तो वह सबसे पहले फूल ही बनाना सीखता है। इससे यह साबित होता है कि प्रकृति हमेशा से कलाकारों की सबसे बड़ी प्रेरणा रही है। कलाकार फूलों, झरनों, नदियों, पहाड़ों और पेड़-पौधों की तस्वीरें कैनवास पर उकेरते हैं और अपने नजरिए को सदा के लिए अमर कर देते हैं। प्रकृति की सुंदरता ने बहुत सी कलाकृतियों को जन्म दिया है, जिनमें से ये 4 पेंटिंग विश्व प्रसिद्ध हो गई हैं।

### वान गॉग की 'व्हीट फील्ड विद किप्रेस्सेस'

वान गॉग ने 1889 में 'व्हीट फील्ड' नामक सीरीज बनाई थी, जिसमें गेहूं के खेत की 3 पेंटिंग शामिल थीं। 'व्हीट फील्ड विद किप्रेस्सेस' भी इनमें से एक थी, जो सभी की तुलना में सबसे ज्यादा मशहूर हुई थी। इस पेंटिंग में नीले आसमान के नीचे एक सुनहरा गेहूं का खेत बनाया गया है, जिसके पीछे ऊंचे और गहरे हरे रंग के सरू के पेड़ बने हुए हैं। पेंटिंग में पहाड़ भी दिखते हैं, जो इसे और सुंदर बनाते हैं।

### हेनरी रूसो की 'द फ्लेमिंगोज'

हेनरी रूसो की 'द फ्लेमिंगोज' नामक पेंटिंग आज भी प्रकृति से प्रेरित पेंटिंग की सूची में उच्च स्थान पर गिनी जाती है। यह जंगल के चित्रों की एक सीरीज का हिस्सा थी, जिसे हेनरी ने 1907 में बनाया था। इस पेंटिंग में नदी के किनारे का दृश्य बनाया गया है, जिसमें गुलाबी रंग के फ्लेमिंगो का एक समूह मौजूद है। वे लिली सहित हरे-भरे वनस्पतियों के बीच बैठे हैं और इसका नजारा बेहद असली लगता है।



### क्लाउड मोनेट की 'वाटर लिलीज'

वाटर लिलीज फ्रांस के कलाकार क्लाउड मोनेट द्वारा बनाई गई लगभग 250 आयल पेंटिंग की एक सीरीज है। इसमें शामिल सभी पेंटिंग एक से बढ़कर एक हैं, जो गिवरनी में बसे उनके घर के बगीचे से प्रेरित हैं। ये पेंटिंग मुख्य रूप से उनके बगीचे में स्थित वाटर लिली के तालाब को दर्शाते हैं और उनके जीवन के अंतिम 3 दशकों के दौरान उनकी कलात्मक प्रतिभा का नमूना पेश करते हैं।

### पॉल सेजान की 'रोड नियर मोंट सैंटे-विक्टॉएर'

'रोड नियर मोंट सैंटे-विक्टॉएर' को पॉल सेजान ने 1902 के आसपास बनाया था। यह एक खूबसूरत लैंडस्केप पेंटिंग है, जो दक्षिणी फ्रांस में स्थित टाइटैनिक पर्वत को दर्शाती है। यह आयल पेंटिंग सेजान की 'मोंट सैंटे-विक्टॉएर' सीरीज का हिस्सा है, जो अब रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में हरमिटेज संग्रहालय की शोभा बढ़ा रही है। इसमें बड़े आकर के पहाड़ के साथ-साथ एक गांव और उसके आस-पास की वनस्पति भी दिखाई देती है।

## घर पर दाल बाटी चूरमा बनाने के लिए अपनाएं ये तरीका

राजस्थान की पारंपरिक खाने की चीजों में शामिल दाल बाटी चूरमा का स्वाद बहुत ही लाजवाब होता है। यह खाना खास मौकों पर बनाया जाता है, लेकिन आप इसे घर पर भी आसानी से बना सकते हैं। दाल बाटी चूरमा का स्वाद इतना बेहतरीन होता है कि यह आपके परिवार और दोस्तों को मंत्रमुग्ध कर देगा। आइए आज हम आपको घर पर दाल बाटी चूरमा बनाने की रेसिपी बताते हैं।



**सामग्री:** दाल बनाने के लिए आपको अरहर की दाल, प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट, जीरा, हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पाउडर, गरम मसाला, नमक और हरा धनिया चाहिए। इसके अलावा घी, तेल, नींबू, दही और सौंफ भी जरूरी है। इन चीजों का सही अनुपात में उपयोग करके आप इस खाने का असली स्वाद पा सकते हैं और अपने खाने का मजा दोगुना कर सकते हैं।




कार्नर न्यूज

स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है कटलेट

# घर पर आसानी से बनाए जा सकते हैं इस तरह के कटलेट, जानिए इनकी रेसिपी

कटलेट एक स्वादिष्ट और पौष्टिक नाश्ता है, जिसे आप अपने घर पर आसानी से बना सकते हैं। यह न केवल बच्चों को पसंद आता है, बल्कि बड़ों के लिए भी एक बेहतरीन विकल्प है। आज हम आपको कुछ ऐसे कटलेट की रेसिपी बताएंगे, जिन्हें आप घर पर आसानी से बना सकते हैं और ये सभी स्वादिष्ट और सेहतमंद हैं। आइए विभिन्न प्रकार के कटलेट बनाने के तरीके जानते हैं, जिन्हें आप अपने घर पर बना सकते हैं।

### आलू और मटर के कटलेट

आलू और मटर के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले आलू को उबालकर मैश कर लें, फिर उसमें उबली हुई हरी मटर डालें। इसके बाद इसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण को छोटे-छोटे गोले बनाकर कटलेट का आकार दें, फिर इन्हें ब्रेड के चूरे में लपेटकर तेल में तलें या ओवन में सेंकें। यह कटलेट चाय या कॉफी के साथ बहुत ही स्वादिष्ट लगते हैं।

### पनीर के कटलेट

पनीर के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को कदूकस कर लें, फिर उसमें बारीक कटी हुई प्याज, हरी



मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा-सा मैदा मिलाकर छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें कटलेट का आकार दें। इसके बाद इन्हें ब्रेड के चूरे में लपेटकर तेल में तलें या ओवन में सेंकें। यह कटलेट विशेष अवसरों पर परोसने के लिए बहुत ही अच्छे लगते हैं।

### गाजर और शिमला मिर्च के कटलेट

गाजर और शिमला मिर्च के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कदूकस कर लें, फिर उसमें बारीक कटी हुई शिमला मिर्च, प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा-सा बेसन मिलाकर छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें कटलेट का आकार दें। इसके बाद इन्हें ब्रेड के चूरे में लपेटकर तेल में तलें या ओवन में सेंकें। यह कटलेट बच्चों को बहुत पसंद आते हैं।

### पालक और पनीर के कटलेट

पालक और पनीर के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले पालक को उबालकर बारीक काट लें, फिर उसमें कदूकस किया हुआ पनीर, बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा-सा बेसन मिलाकर छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें कटलेट का आकार दें। इसके बाद इन्हें ब्रेड के चूरे में लपेटकर तेल में तलें या ओवन में सेंकें। यह कटलेट सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं।

### चावल और सब्जियों के कटलेट


चावल और सब्जियों के कटलेट बनाने के लिए सबसे पहले पके हुए चावल लें, फिर उसमें उबली हुई सब्जियां जैसे गाजर, मटर आदि डालें, साथ ही बारीक कटी हुई प्याज, हरी मिर्च, अदरक-लहसुन का पेस्ट और नमक मिलाएं। अब इस मिश्रण में थोड़ा-सा बेसन मिलाकर छोटे-छोटे गोले बनाएं और उन्हें कटलेट का आकार दें। इसके बाद इन्हें ब्रेड के चूरे में लपेटकर तेल में तलें या ओवन में सेंकें। यह कटलेट बहुत ही स्वादिष्ट और पौष्टिक होते हैं।



## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## मानुषी छिल्लर, आलिया भट्ट संग 'अल्फा' में करेंगी काम



मानुषी छिल्लर यूं तो किसी परिचय का मोहताज नहीं हैं। साल 2017 में उन्होंने मिस वर्ल्ड का खिताब जीतकर दुनियाभर में भारत का नाम रोशन किया था। हालांकि, मॉडलिंग की दुनिया में बड़ा मुकाम हासिल करने वाली मानुषी बॉलीवुड में अभी तक कुछ खास नहीं कर पाई हैं। पिछली बार अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आईं मानुषी के हाथ अब आलिया भट्ट की फिल्म 'अल्फा' लग गई है। यशराज फिल्म्स के महिला स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसमें अब निर्माता आदित्य चोपड़ा ने मानुषी की एंट्री भी करा दी है। फिल्म में अभिनेत्री शरवरी वाघ भी अहम भूमिका में हैं।मानुषी के किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन खबर है कि वह फिल्म में जासूसी करती दिखेंगी, वहीं उन्हें आलिया और शरवरी की तरह एक्शन करते हुए भी देखा जाएगा। इस फिल्म के निर्देशन की कमान शिव रवैल ने संभाली है। शिव ने आदित्य चोपड़ा की वेब सीरीज 'द रेलवे मेन' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। 'अल्फा' इसी साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ऋतिक रोशन भी इस फिल्म का हिस्सा हैं और वह भी इसमें जबरदस्त एक्शन करते दिखेंगे। वह एजेंट कबीर के रूप में अपनी मौजूदगी दर्ज कराने वाले हैं।

### टॉलीवुड

## दीपिका पादुकोण और प्रभास फिर आए साथ, इस फिल्म में दिखेंगे



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के स्टार प्रभास और दीपिका पादुकोण पहली बार फिल्म 'कल्कि 2898 AD' के लिए साथ आए थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। अब जहां इस ब्लॉकबस्टर फिल्म का दूसरा भाग बनने जा रहा है, वहीं इसी बीच खबर आई है कि प्रभास और दीपिका एक और फिल्म के लिए साथ आ गए हैं। फिल्म का नाम है 'स्पिरिट', जिसका इंतजार प्रभास के प्रशंसक लंबे समय से कर रहे हैं। दीपिका की 'स्पिरिट' में एंट्री हो गई हैं। निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने उन्हें फिल्म के लिए साइन कर लिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि संदीप शुरू से ही फिल्म में दीपिका को लेना चाहते थे। जब उन्होंने उनसे संपर्क किया तो दीपिका ने प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म ठुकरा दी थी। फिर संदीप फिल्म का नया शूटिंग शेड्यूल तय कर वापस दीपिका के पास पहुंचे और अभिनेत्री भी काम करने के लिए राजी हो गईं। रिपोर्ट के मुताबिक, पहले 2024 के अंत में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली थी, लेकिन दीपिका की ना के बाद संदीप ने शूटिंग टाल दी थी। बताया जा रहा है कि संदीप ने दीपिका के लिए एक शानदार किरदार लिखा है और उन्हें भरोसा है कि वह इस महत्वपूर्ण भूमिका के साथ पूरा न्याय करेंगी। दीपिका खुद भी अपने किरदार से बेहद प्रभावित हैं, वहीं वह पहली बार संदीप संग काम करने को लेकर भी बेहद उत्साहित हैं।

### पंजाबी

## नेहा शर्मा ने मनाली में पूरी की पंजाबी फिल्म 'संजोग' की शूटिंग



मुंबई. नेहा शर्मा इन दिनों हिमाचल प्रदेश में हैं। वह मनाली में अपनी अपकमिंग पंजाबी फिल्म 'संजोग' का शेड्यूल पूरा कर चुकी हैं। 'संजोग' एक पंजाबी फिल्म है। इसमें जस्सी गिल और हैप्पी रायकोटी जैसे शानदार कलाकार लीड रोल में हैं। फिल्म का निर्देशन हरीश गार्गी ने किया है. एक्ट्रेस की यह पहली पंजाबी फिल्म नहीं है, इससे पहले वह गिप्पी ग्रेवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'इक संधू हुंदा सी' में नजर आ चुकी हैं. इस फिल्म का निर्देशन राकेश मेहता ने किया।वह पहाड़ों की खूबसूरत वादियों का लुत्फ उठा रही हैं और सोशल मीडिया पर जमकर फोटोज शेयर कर रही हैं। इस कड़ी में उन्होंने एक बार फिर अपने हिमाचल ट्रिप की तस्वीरें शेयर की और फैंस से दिलचस्प सवाल पूछा। उनका यह पोस्ट अब इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। नेहा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की, जिसमें शूटिंग के दौरान के मजेदार बीटीएस पल, बर्फ से ढके पहाड़ों की खूबसूरत वादियां और उनके होटल रूम से दिखने वाला शानदार नजारा शामिल है। नेहा शर्मा ने फिल्म की शूटिंग खत्म होने के बाद पूरी टीम के साथ जश्न मनाती भी नजर आईं. इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- "आप किस टीम के साथ हैं, पहाड़ों में खाई जाने वाली मैगी या गरमा-गरम चाय?"

---

"डेली वियर के लिए साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो एक्ट्रेस कृति सेनन की तरह आप भी जॉर्जेट साड़ी को पहन सकती हैं। मिनिमल वर्क की फ्लोरल डिजाइन साड़ी आपको मार्केट में 1,000 रुपये से भी कम में मिल जाएगी। इस तरह की खूबसूरत साड़ी के साथ में आप कानों में पर्ल डिजाइन के इयररिंग्स को पहन सकती हैं। बालों के लिए स्लीक हेयर स्टाइल को आप चुन सकती हैं। रॉ मैंगो ने इस स्टाइलिश साड़ी को डिजाइन किया है।




## फिर से लौटा 90 के दशक वाले पफ स्लीव ब्लाउज का चलन, सिलवाएं ये आकर्षक डिजाइन...

देश में 90 के दशक में महिलाएं पफ स्लीव वाले ब्लाउज पहनना पसंद करती थीं, जिन्हें उस दौर की अभिनेत्रियों ने मशहूर किया था।यह चलन एक बार फिर जोरों-शोरों से वापसी कर रहा है और महिलाओं की अलमारी का हिस्सा बन रहा है। आप भी इस ट्रेंड को अपनाने के लिए पफ स्लीव वाले ब्लाउज की ये 4 आकर्षक डिजाइन अपना सकती हैं, जो 90 के दशक से प्रेरित हैं। इनके जरिए आप सुंदर दिखेंगी और आपकी साड़ी की शोभा बढ़ेगी।

### छोटी पफ स्लीव

अगर आप सिल्क की साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ प्रिंटेड कपड़े वाला छोटी पफ स्लीव का ब्लाउज सिलवाएं। अपने ब्लाउज की बाजुओं के निचले हिस्से को सामान्य यानि सीधा ही रखें। इसके ऊपर वाले हिस्से को फूला हुआ लुक दें, जिससे आपको किसी राजकुमारी जैसा महसूस होगा। आप अपने ब्लाउज की नेकलाइन को V या डीप रखवा सकती हैं। छोटी पफ स्लीव वाला ब्लाउज गर्मी के लिए सबसे आदर्श रहेगा।

### प्लीट वाली पफ स्लीव

अगर आपको पफ स्लीव वाले ब्लाउज की डिजाइन को साधारण नहीं रखना है तो उसमें चुन्नटें यानि प्लीट्स सिल्वा लें। ऐसा करने से आपका ब्लाउज सबसे अलग दिखाई देगा और आप सभी की तारीफें



भी बटोर लेंगी। ब्लाउज की नेकलाइन बोट वाली रखवाएं और बाजुओं की हर एक प्लीट पर नग या मोती लगवा दें। इस तरह का ब्लाउज आप सिल्क या ब्रोकेड जैसे कपड़ों से सिलवा सकती हैं। इसके जरिए आपको दक्षिण भारतीय लुक मिलेगा।

### नेट की पफ स्लीव

इन दिनों ऑर्गेंजा और टिश्यू कपड़े की साड़ियां सबसे प्रसिद्ध हो रही हैं, जिनके साथ पफ स्लीव वाले ब्लाउज सबसे शानदार लगते हैं।

आपको इन साड़ियों के साथ नेट के कपड़े वाली पफ स्लीव सिलवानी चाहिए। नेट जैसे पारदर्शी कपड़े लुक में चार चांद लगा देते हैं और किसी राजकुमारी जैसा लुक देते हैं।

## लाल और सफेद रंग की धारियों वाली साड़ी को ऐसे स्टाइल करें



लाल और सफेद रंग की धारियों वाली साड़ी एक सुंदर और आकर्षक विकल्प है, जो हर महिला की अलमारी में होनी चाहिए। यह साड़ी न केवल पारंपरिक दिखती है, बल्कि इसमें एक आधुनिक अंदाज भी है। इस साड़ी को सही तरीके से स्टाइल करने पर आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं। आइए इस साड़ी को स्टाइल करने के लिए बेहतरीन फैशन टिप्स जानते हैं।

### ऐसी साड़ी के साथ सफेद ब्लाउज पहनें

लाल और सफेद धारियों वाली साड़ी के साथ सफेद ब्लाउज पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। सफेद ब्लाउज आपके लुक को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाता है। इसके अलावा यह रंग की विपरीतता भी बढ़ाता है, जिससे आपकी साड़ी की धारियां और भी ज्यादा उभरकर दिखती हैं। सफेद ब्लाउज पहनने से आपका पूरा लुक संतुलित और सुंदर लगता है। इसे पहनकर आप किसी भी अवसर पर आकर्षक दिख सकती हैं।

### पारंपरिक गहनों का करें चयन

पारंपरिक गहने लाल और सफेद धारियों वाली साड़ी के साथ बहुत अच्छे लगते हैं। आप सोने या चांदी की भारी कढ़ा, झुमके और चूड़ियां पहन सकती हैं, जो आपके लुक को और भी खास बनाएंगी। इसके अलावा आप मांगटीका या नथनी भी शामिल कर सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक शाही लगेगा। पारंपरिक गहने आपके पारंपरिक कपड़ों के साथ बहुत अच्छे लगते हैं और आपको एक खास और सुंदर दिखने में मदद करते हैं।

### हल्का मेकअप करें

जब आप लाल और सफेद धारियों वाली साड़ी पहनें तो हल्का मेकअप करना सबसे अच्छा रहता है। इसमें हल्का फाउंडेशन, काजल, मस्कारा और हल्के रंग की लिपस्टिक शामिल हो सकती है। इससे आपका चेहरा ताजगी भरा दिखेगा और आपका पूरा लुक संतुलित लगेगा। हल्का मेकअप न केवल आपको प्राकृतिक सुंदरता देता है, बल्कि आपकी साड़ी की धारियों को भी उभारता है। इस तरह का मेकअप आपके लुक को कोमल और आकर्षक बनाता है।

### बालों को खुला रखें या बनाएं जुड़ा

बालों को खुला रखना या जुड़ा बनाना दोनों ही विकल्प अच्छे लगते हैं। अगर आपका हेयरस्टाइल सरल होगा तो आपका लुक ज्यादा बनावटी नहीं लगेगा और आप आरामदायक महसूस करेंगी।

## अलमारी में रखे पुराने कपड़ों से बनाएं घर की सजावट का सामान, कोना-कोना लगेगा कलात्मक

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका घर खूबसूरत दिखे और उसमें शाही स्पर्श जुड़ जाए। हालांकि, इसके लिए हजारों-लाखों रुपये खर्च करना बिलकुल भी जरूरी नहीं होता है। आप अपनी अलमारी में रखे पुराने कपड़ों का इस्तेमाल करके भी घर की सजावट कर सकते हैं। भारतीय प्रिंट और डिजाइन वाले कपड़े आपके घर को एक कलात्मक रूप दे देंगे और हर कोने को सुंदर भी बना देंगे। जानिए आप कपड़ों से कौन-सा सजावट का सामान बना सकते हैं।



### तकिए के कवर बनाएं

सिल्क की साड़ियों को फेकने के बजाय आप उनसे बेहद सुंदर तकिए के कवर बना सकते हैं। अलग-अलग पैटर्न और रंग वाली साड़ियों के चौकोर टुकड़े काट लें। सिलाई मशीन का इस्तेमाल करके पहले 2 टुकड़ों को सिलें, फिर 4 को एक साथ जोड़ दें। अब 4-4 टुकड़ों को जोड़कर बनाए गए 2 भागों को एक साथ सिलें और तकिया पर चढ़ाकर कच्ची सिलाई कर दें। इस तरह के कवर चढ़ाने से घर में राजस्थानी और बनारसी स्पर्श जुड़ जाएगा।

### कपड़ों को फ्रेम करें

घर की सजावट के लिए फोटो फ्रेम तो सभी लगाते हैं। हालांकि, काफी कम लोग होते हैं, जो पुराने कपड़ों को फ्रेम करके घर की शोभा बढ़ाने का सोच पाते हैं। इसके लिए आप किसी पुश्तैनी शॉल या दुप्पटे का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपको बड़ा फ्रेम लगाना है तो शॉल को बिना कटवाए ही फ्रेम करवा लें। छोटे फ्रेम में शॉल के टुकड़े करके लगाएं और उनके पैटर्न को कलात्मक रूप से दीवार पर व्यवस्थित करें।

## गर्मी के लिए सही रहेंगी चिकनकारी कुर्तियां, जानिए इन्हें स्टाइल करने के शानदार तरीके

गर्मी में ऐसे कपड़ों का चयन करना सही रहता है, जो शरीर को ठंडा रखें और पसीने को जल्दी सोख सकें। इन्हीं आरामदायक कपड़ों की सूची में शुमार होती है चिकनकारी कुर्ती, जिसे लखनऊ की शान माना जाता है। चाहे पार्टी में शामिल होना हो, कॉलेज जाना हो या किसी पारंपरिक कारिक्रम में शिरकत देनी हो, चिकनकारी कुर्तियां हर मौके के लिए सही रहती हैं। आज के फैशन टिप्स में इस परिधान को स्टाइल करने के 5 शानदार तरीके जानें।

### वाइड लेग जींस के साथ स्टाइल करें

इन दिनों महिलाएं चिकनकारी कुर्तियों के साथ एक मॉडर्न लुक पाना पसंद करती हैं। इसके लिए आप इस पारंपरिक परिधान को वाइड लेग डेनिम जींस के साथ पेयर कर सकती हैं। यह लुक कॉलेज जाने, खरीदारी करने या दिन के समय घूमने जाने के लिए सबसे आदर्श रहेगा। वाइड लेग जींस के साथ छोटे आकार वाली चिकनकारी कुर्तियां सबसे अच्छी लगती हैं, जो इन दिनों सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। इस लुक के साथ आप स्नीकर्स पहन सकती हैं।

दुपट्टे और चूड़ीदार पयजामा के साथ पेयर करें



अगर आप पूजा या त्योहार के मौके पर चिकनकारी कुर्ती का चयन कर रही हैं तो उसके साथ दुपट्टा ओढ़ें और चूड़ीदार पयजामा पहनें।

ऐसा करने से सूट तैयार हो जाएगा, जो गर्मी से बचाएगा और स्टाइल में भी कमी नहीं आने देगा। अगर आप लुक को सिंपल रखना चाहती हैं तो सफेद दुपट्टा और चूड़ीदार चुनें। ज्यादा फैंसी लुक के लिए आप जटिल कढ़ाई वाला दुपट्टा ले सकती हैं और कुर्ती से मेल खाता चूड़ीदार पयजामा पहन सकती हैं।

चिकनकारी कुर्तियों को स्टाइल करने का सदाबहार तरीका होता है उन्हें प्लाजो के साथ पहनना।

---

कार्नर न्यूज

### न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि आरामदायक भी

## हर महिला के पास जरूर होने चाहिए ये लहंगे जब शुभ अवसर पर पहनेंगीं तो लगेंगी खूबसूरत

लहंगा महिलाओं के पारंपरिक कपड़ों में से एक है। यह न केवल शादी-ब्याह बल्कि त्योहारों और खास मौकों पर भी पहना जाता है। आज हम आपको पांच ऐसे लहंगों के बारे में बताएंगे, जो हर महिला के पास होने चाहिए। ये लहंगे न केवल सुंदर दिखते हैं, बल्कि आरामदायक भी होते हैं। इनकी खासियत यह है कि इन्हें आप अलग-अलग तरह की चोली के साथ पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास बन जाएगा।

### बनारसी लहंगा

बनारसी साड़ी की तरह ही बनारसी लहंगा भी बहुत ही शाही और सुंदर होता है। बनारसी रेशम से बने ये लहंगे अक्सर सुनहरे या चांदी रंग के धागों से कढ़ाई की जाती है, जो इन्हें एक खास लुक देती है। इन्हें शादी और बड़े समारोहों में पहना जा सकता है। बनारसी लहंगे की खासियत यह है कि ये न केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि पहनने में भी आरामदायक होते हैं।



### जरीदार लहंगा

जरीदार लहंगे उन महिलाओं के लिए अच्छे होते हैं, जो चमक-धमक पसंद करती हैं। इन पर मोटा जरी का काम होता है, जो इन्हें बहुत ही आकर्षक बनाता है। जरीदार लहंगे अक्सर त्योहारों और उत्सवों में पहने जाते हैं क्योंकि ये आपके लुक को खास बना सकते हैं। इनकी चमक और डिजाइन आपको हर मौके पर अलग दिखाते हैं। जरीदार लहंगों का चयन करते समय उनकी फिटिंग और आराम पर भी ध्यान देना जरूरी है।

### कांचीपुरम सिल्क लहंगा

कांचीपुरम सिल्क दक्षिण भारत की मशहूर कपड़े बनाने की शैली है, जो अपने मजबूत और चमकीले रंगों के लिए जानी जाती है। ये लहंगे भारी होते हैं और इन पर पारंपरिक डिजाइन होते हैं, जो इन्हें बहुत ही आकर्षक बनाते हैं। कांचीपुरम सिल्क लहंगे शादी-ब्याह समेत धार्मिक समारोहों में पहने जाते हैं। इनकी गुणवत्ता और टिकाऊपन इन्हें लंबे समय तक चलने वाला बनाती है, जिससे आप इन्हें कई सालों तक इस्तेमाल कर सकती हैं।

### पटोला प्रिंटेड लहंगा

पटोला प्रिंटेड गुजरात की एक पारंपरिक कपड़ा बनाने की तकनीक है, जो अपने चमकीले रंगों और जटिल पैटर्न के लिए जानी जाती है। पटोला प्रिंटेड लहंगे बहुत ही अनोखे दिखते हैं और इन्हें किसी भी समारोह या त्योहार में पहना जा सकता है। ये हल्के होते हैं, जिससे इन्हें पहनना आसान होता है। पटोला प्रिंटेड लहंगे का चयन करते समय उनके रंगों और पैटर्न पर ध्यान देना जरूरी है ताकि आपका लुक और भी खास बन सके।

### चंदेरी कॉटन लहंगा

चंदेरी कॉटन मध्य प्रदेश की मशहूर कपड़ा बनाने की शैली है, जो हल्के और आरामदायक कपड़े से बने होते हैं। ये गर्मियों के त्योहारों जैसे राखी या जन्माष्टमी आदि पर पहने जा सकते हैं क्योंकि ये बहुत ही आरामदायक होते हैं। इन सभी प्रकार के लहंगों को अपनी अलमारी में शामिल करके आप हर मौके पर खूबसूरत दिख सकती हैं। ध्यान रखें कि लहंगा चाहे कोई भी हो, उसकी फिटिंग सही होनी चाहिए।